
अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


# पहले दिन ही आरटीई की वेबसाइट दे गई दगा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जरूरतमंद नहीं कर सके ऑनलाइन आवेदन, एक दिन कम हो गया
- तीन दिन से वेबसाइट ही नहीं चल रही, गुरुवार को भी वही हाल रहा

**अमृत विचार।** निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत तीसरे व अंतिम चरण में पहले ही दिन ऑनलाइन आवेदन नहीं हुए। निर्धारित समय सारिणी में एक दिन कम हो गया। बताया जा रहा है कि तीन दिन से वेबसाइट पूरी तरह से काम नहीं कर रही है। इससे जरूरतमंद बच्चों के भविष्य को लेकर आवेदन नहीं कर पा रहे हैं।



आरटीई पोर्टल में इस तरह आ रही नोटिस।

दरअसल, आरटीई के तहत निजी स्कूलों में 25 फीसदी सीटें अलाभित व दुर्बल वर्ग के लिए आरक्षित होती हैं। योजना के तहत चयनितों से फीस व प्रवेश शुल्क नहीं लिया जाता है। अगर स्कूल संचालक नियम तोड़ते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है। 12 मार्च से तीसरे चरण के लिए ऑनलाइन आवेदन का समय शुरू हो गया लेकिन गुरुवार को पोर्टल https://rte25.upsdc.gov.in पर आवेदन नहीं हो सके। खास बात यह है कि आवेदन के लिए यह अंतिम चरण है जिसके लिए 25 मार्च आखिरी दिन है। 27 तारीख को लॉटरी व 29 को स्कूलों के आवंटन का आदेश जारी होगा। पहले दिन ऑनलाइन आवेदन न होने से अभिभावकों को निराशा हाथ लगी। पोर्टल पर आवेदन के लिए प्रक्रिया जल्द शुरू होने का अंग्रेजी में मैसेज 'प्रोसेस विल बी ओपेन शॉर्टली' लिखा डिस्प्ले होता रहा।

आवेदन के साथ ही पहले व दूसरे चरण की लॉटरी व लॉटरी का परिणाम वाले कॉलम भी नहीं खुले। अभिभावकों का कहना है कि कुल 14 दिनों मे एक दिन ऐसे ही निकल गया। आगे कितने दिनों तक वेबसाइट नहीं चलेगी, यह भी नहीं पता। चयनितों को प्ले ग्रुप, एलकेजी, यूकेजी व कक्षा 01 से निशुल्क शिक्षा का लाभ प्राइवेट विद्यालयों में दिया जाता है।

# विधायक ने खाटूश्याम-जयपुर लिंक सेवा को हरी झंडी दिखा किया रवाना

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** क्षेत्र के यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ को छिबरामऊ डिपो से नई बस सेवा का शुभारंभ किया गया। नगर प्रतिनिधि और विधायक अर्चना पांडे ने छिबरामऊ-मैनपुरी-आगरा-बालाजी-जयपुर-खाटूश्याम मार्ग के लिए लिंक सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

विधायक ने कहा कि धार्मिक स्थलों और प्रमुख शहरों को जोड़ने वाली इस बस सेवा से श्रद्धालुओं और व्यापारियों को काफी राहत मिलेगी। अब छिबरामऊ से सीधे राजस्थान के प्रमुख स्थलों तक पहुंचना आसान हो जाएगा। इस दौरान परिवहन विभाग के अधिकारी रामखिलावन स्टेशन इंचार्ज, कुमारी रेखा स्टेशन इंचार्ज, अशोक कुमार फोरमैन, कुमारी प्रीती, संतोष कश्यप, मो. सईद, सुनील कुमार, पंकज दीक्षित, श्यामवीर सिंह, और मनोज राठौर मौजूद रहे।


हरी झंडी दिखाकर बस रवाना करती विधायक अर्चना पांडे। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### तेज रफ्तार ट्रक पलटने से चालक घायल, रेफर

**सौरिख।** तेज रफ्तार ट्रक पलटने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जनपद एटा की कोतवाली देहात के गांव कूठिला निवासी ट्रक चालक सौरभ यादव पुत्र राकेश यादव (26) 11 मार्च को अपने ट्रक में इलेक्ट्रिक का सामान लेकर लखनऊ जा रहा था। जैसे ही ट्रक रात 10 बजे थाना सकराबा की चौकी दौलताबाद के पास पहुंचा तभी ट्रक की स्टेयरिंग फेल हो गई जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर रोड के किनारे पलट गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां से तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### लाइब्रेरी संचालक को बारातियों ने पीट दिया

**तिर्वा, कन्नौज।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के एक गेस्ट हाउस में देर रात डीजे बजाने को लेकर विवाद हो गया। डीजे बंद कराने की बात कहने पर बारातियों ने लाइब्रेरी संचालक के साथ मारपीट कर दी। बताया गया कि पास में संचालित लाइब्रेरी के संचालक वैभव पटेल ने बारातियों से कहा कि रात के 12 बजे हो चुके हैं, जबकि सरकार के नियमों के अनुसार डीजे रात 10 बजे तक ही बजाया जा सकता है। बताया कि लाइब्रेरी में बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं, इसलिए डीजे बंद कर दिया जाए। इससे नाराज कुछ बारातियों ने वैभव के साथ मारपीट कर दी। थाना प्रभारी नीलम सिंह ने बताया कि मामले की सूचना मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### उमर्दा नहर में मगरमच्छ दिखने से हड़कंप

**तिर्वा।** उमर्दा मौजा के ग्राम चटोरापुर के पास स्थित निचली गंग नहर के किनारे उस समय हड़कंप मच गया जब झाड़ियों में मगरमच्छ होने की खबर सामने आई। वहां से गुजर रहे कुछ राहगीरों ने मगरमच्छ का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जिसके बाद यह खबर तेजी से फैल गई। बताया जा रहा है कि उत्तरी गंग नहर में पहले भी मगरमच्छ होने की चर्चाएं होती रही हैं, जिससे अब खतरा और बढ़ गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द मौके पर पहुंचकर जांच की जाए और मगरमच्छ को सुरक्षित तरीके से हटाने की व्यवस्था की जाए।

### युवती ने दुपट्टे से गला कसकर दी जान

**तिर्वा।** हरीपुरवा गांव में युवती ने फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। गुरुवार को दिन के करीब दो बजे कोतवाली के ग्राम हरी पुरवा में बच्ची लाल वर्मा अपनी पत्नी के साथ खेत पर घास लेने गए हुए थे। उसी समय उसकी 24 वर्षीय पुत्री नीलम ने अपने अधबने मकान में दुपट्टे से फंदा लगाकर जान दे दी। जब गांव के कुछ बच्चे उधर से खेलने निकले तो नीलम को फंदे से लटका देख शोर मचाना शुरू कर दिया।

# कई पंचायत सहायकों को नहीं मिला मानदेय

## ग्राम विकास अधिकारी अनुराधा व प्रधान से मांगा स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**11** माह से मानदेय न देने पर डीपीआरओ ने नोटिस जारी कर 3 दिन में जवाब मांगा है

**अमृत विचार।** सरकार ने होली से पहले सभी कर्मियों को वेतन व मानदेय देने के आदेश दिए थे, लेकिन इसका सतही स्तर पर पालन नहीं किया गया है। अधिकारियों के दावे कुछ भी हों लेकिन सभी पंचायत सहायकों को मानदेय नहीं मिल सका है। डीपीआरओ ने बंसरामऊ की ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है। साथ ही प्रधान को भी नोटिस जारी किया गया है।

सदर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत बंसरामऊ की पंचायत सहायक स्वाती सिंह ने मानदेय न मिलने पर कई बार प्रार्थना पत्र दिए। बताया गया है कि 16 सितंबर 2025, 13 फरवरी 2026 एवं 10 मार्च को पत्र अधिकारियों को दिए गए। स्वाती सिंह ने इसमें कहा कि वह वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला, दिव्यांगजन पेंशन, जीरो पावर्टी सर्वेक्षण, परिवार रजिस्टर की नकल व जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित कार्य करती है।

साथ ही बैठक एवं प्रशिक्षण में शामिल होती है। उसके बाद भी 11 महीने से पंचायत सहायक का मानदेय भुगतान नहीं किया गया है। डीपीआरओ ने जारी किए नोटिस में कहा है कि विकास खंड स्तर पर उन्होंने 27 फरवरी को पंचायत सहायक के मानदेय देने के संबंध में निर्देश दिए थे। उसके अगले दिन भी कहा कि इसका पालन किया जाए। इसके जवाब में ग्राम विकास अधिकारी अनुराधा ने अफसरों को बताया कि वह भुगतान कर देगी, लेकिन भुगतान नहीं किया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी का कहना है कि इससे प्रतीत होता है कि ग्राम विकास अधिकारी उच्चाधिकारियों के आदेश की आदी हैं। अब फिर से निर्देशित किया गया है कि पंचायत सहायक का मानदेय नियमानुसार भुगतान कर 03 दिवस में स्पष्टीकरण दें कि स्वाती सिंह का मानदेय अब तक क्यों नहीं दिया गया है। स्पष्टीकरण न प्राप्त होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर प्रधान को भी निर्देश दिए गए हैं कि नियमानुसार 11 माह का मानदेय भुगतान कराएं। अब तक भुगतान न किए जाने के संबंध में प्रधान से जवाब- तलब हुआ है। इस बाबत जब वीडीओ का पक्ष जानने के लिए उनके नंबर पर कॉल की गई तो उन्होंने रिसीव नहीं किया।

### ई-रिक्शा एजेंसी मालिक ने फांसी लगाकर दी जान

**छिबरामऊ।** ग्राम असलताबाद बिशुनगढ़ में रात एक युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान एक ई-रिक्शा एजेंसी का मालिक था।

परिजनों के अनुसार, एजेंसी मालिक अनुज बुधवार रात अपनी दुकान बंद करके घर लौटा था। बताया जा रहा है कि घर में किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिससे क्षुब्ध होकर बाथरूम में जाकर रस्सी से फंदा लगा लिया।

घटना के समय उसके पिता और पत्नी छिबरामऊ में एक शादी समारोह में गए थे। परिवार के सदस्य शादी से लौटे, तो काफी देर तक खटखटाने के बाद भी गेट नहीं खुला। अनहोनी की आशंका पर परिजनों ने किसी तरह दरवाजा खोला तो अंदर का अनुज बाथरूम में फंदे पर लटका था। परिजन सौ शैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने बताया कि बेटा कुछ समय से किसी बात को लेकर परेशान था।


लखनऊ में लंबाई नापती कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्रा।

# 450 छात्राओं ने आंचलिक विज्ञान केंद्र से बढ़ाया ज्ञान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद के पांचों कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की करी 450 छात्राओं ने लखनऊ स्थित आंचलिक विज्ञान केंद्र (रीजनल साइंस सिटी) का शैक्षिक भ्रमण किया।

जिला समन्वयक बालिका शिक्षा रोहित तिवारी ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण के तहत बालिकाओं ने ज्ञान के क्षेत्र, त्रि- आयामी प्रदर्शन, अंधेरे में लाइट और आवाज के जरिए कहानी बताना, प्रयोगों के साथ विज्ञान का लेक्चर व थ्री डी तारामंडल में चश्मे के साथ अंतरिक्ष का अनुभव मिला। शैक्षिक भ्रमण के बाद सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में बालिकाओं के बीच इस एक्सपोजर विजिट से सीखे गए अनुभव पर आधारित निबंध प्रतियोगिता होगी। बीएसए संदीप कुमार ने कहा इस प्रकार के एक्सपोजर विजिट से बालिकाओं में विज्ञान विषय के प्रति रुचि उत्पन्न होती है। नगर क्षेत्र की वार्डन मनीषा, छिबरामऊ की प्रभारी वार्डन अरुणा शुक्ला, तालग्राम से अरुणा बाजपेई, अनौगी की अंबुज दुबे, मित्रसेनपुर की नीरज दीक्षित, पीएस बहादुरपुर उज्जैना की प्रधानाध्यापक गुंजन भदौरिया मौजूद रहीं।

### दो बार पढ़ी जा सकती है जुमातुल विदा की नमाज

**छिबरामऊ।** नगर के मोहल्ला विरतिया स्थित मदरसा जामिया खदीजतुल कुबरा के मौलाना जियाउल हक साहब ने बताया कि इस्लाम में जुमा यानी शुक्रवार का दिन विशेष महत्व रखता है। रमजान में आने वाला जुमे का दिन और भी खास हो जाता है, खासकर आखिरी जुमे को जुमातुल विदा या अलविदा जुमा कहा जाता है। आज पूरे देश में अलविदा जुमा की नमाज अदा की जाएगी।

मौलाना ने कहा कि रमजान रहमतों व बरकतों का महीना है, जो अब विदा होने को है। इसके बाद शव्वाल की पहली तारीख को ईद-उल-फितर मनाई जाएगी। इस बार खास बात यह है कि अलविदा जुमा की नमाज दो बार पढ़ी जा सकती है। यदि 29 वें रमजान को चांद नजर आ गया तो अगला शुक्रवार ईद का दिन होगा। यदि चांद नहीं निकला तो 30वें रमजान वाला दिन शुक्रवार फिर अलविदा जुमा होगा और अलविदा की नमाज अदा की जाएगी। यह दिन मुस्लिम समुदाय के लिए बेहद अहम है।

### होली बीती, अब मिलेगी कार्ड धारकों को चीनी

**कन्नौज।** डीएसओ राजीव मिश्र ने बताया कि समस्त उचित दर दुकानों पर निःशुल्क खाद्यान्न वितरण 12 से 28 मार्च के मध्य होगा। अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं, 11 किलोग्राम चावल तथा 10 किलोग्राम बाजरा कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न निःशुल्क मिलेगा। इसके अतिरिक्त अंत्योदय कार्डधारकों को जनवरी, फरवरी एवं मार्च के सापेक्ष 03-03 किलोग्राम चीनी प्रति कार्ड 18 रुपये प्रति किलोग्राम दी जाएगी। चीनी वितरण में पोर्टेबिलिटी की सुविधा नहीं है।

पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रत्येक यूनिट पर 02 किलोग्राम गेहूं, 01 किलोग्राम चावल तथा 02 किलोग्राम बाजरा/ मक्का कुल 05 किलोग्राम खाद्यान्न निःशुल्क प्राप्त होगा। राशन वितरण ई-पॉस मशीनों से प्रतिदिन सुबह 08 से दोपहर 12 बजे तक तथा दोपहर 02 से शाम 06 बजे तक किया जाएगा।

# नो स्मोकिंग डे पर गोष्ठी में बताये गए तंबाकू से होने वाले नुकसान

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- इन्फोरसमेंट स्क्वार्ड ने 82 लोगों से तीन तीन हजार रुपये का जुर्माना बसूला
- हेल्थ एक्सपर्ट ने बताया कि पैसिव स्मोकिंग का गर्भावस्था में गलत प्रभाव पड़ता है

**अमृत विचार।** नो स्मोकिंग डे के अवसर पर सीएमओ कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जानकारों ने स्मोकिंग के दुष्प्रभाव के संबंध में जानकारी दी।

नो स्मोकिंग डे के अवसर पर धूम्रपान का स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव विषय पर मुख्य वक्ता डा. सुकेश भारद्वाज पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट ने बताया कि पैसिव स्मोकिंग के गर्भावस्था में गलत प्रभाव पड़ता है। इस का उपयोग किसी भी दशा में नहीं करना चाहिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्साधिकारी डा. स्वदेश गुप्ता ने की।इस अवसर पर उन्होंने मौजूद लोगों को तंबाकू के सेवन से बचने की सलाह दी। डा. रविप्रताप सिंह ने कोटपा अधिनियम 2003 के वारे में विस्तार से बचाया। इस मौके पर 65 लोगों को तंबाकू छोड़वने की शपथ दिलाई गई। नोडल अधिकारी डा. केपी त्रिपाठी ने भी जानकारी दी। इस मौके पर तंबाकू नियंत्रण के सलाहकार डा. रवि प्रताप सिंह, पियूषा दुबे सामाजिक कार्यकर्ता ने ने बस स्टैंड, रेलबे स्टेशन, जिला अस्पताल में जनमानस को धूम्रपान से होने वाले नुकसान के वारे में जानकारी दी। तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ट के इन्फोरसमेंट स्क्वार्ड द्वारा 82 लोगों से तीन तीन हजार रुपये का जुर्माना बसूला गया।


गोष्ठी में मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी शपथ लेते हुए। अमृत विचार

### ट्रेलर पलटा, चालक व हेल्पर चुटहिल

**सौरिख।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर डामर लदा ट्रेलर पलट गया। हादसे में चालक व हेल्पर के मामूली चोटें आई एवं ट्रेलर पर रखे डामर के ड्रम भी बिखर गए।

राजस्थान के जिला ब्यावर पुराना जिला अजमेर के थाना मसूदा के गांव किरात निवासी रंगलाल पुत्र गोविंद, हेल्पर सलीम पुत्र कालू निवासी रेल का वाडिया थाना एवं जिला ब्यावर राजस्थान के साथ गांधीधाम गुजरात से डामर के 213 ड्रम ट्रेलर में भरकर गुरुवार को असम गुवाहाटी आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे द्वारा जा रहा था। थाना क्षेत्र सौरिख के सामने किलोमीटर संख्या 148 पर सुबह 9:30 बजे पीछे से आ रहे अज्ञात डंपर ने ओवरटेक कर रहा था। इस दौरान रंगलाल ने अचानक ब्रेक लगाए तो ट्रेलर पलट गया और उसमें रखे डामर के ड्रम भी एक्सप्रेसवे पर बिखर गए। हालांकि इस हादसे में चालक और हेल्पर के मामूली चोटे आई।



कस्तूरबा गांधी की छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते बीईओ शिवेंद्र वर्मा।

# छात्राओं में होगा बौद्धिक क्षमता का विकास

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** तार्किक क्षमता, आलोचनात्मक सोच के विकास के लिए कस्तूरबा गांधी की छात्राएं एक्सपोजर विजिट के लिए रवाना हुई। गुरुवार को ब्लॉक जलालाबाद क्षेत्र के ग्राम अनौगी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं को बीईओ शिवेंद्र कुमार वर्मा ने लखनऊ स्थित आंचलित विज्ञान केंद्र के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बीईओ ने कहा कि बौद्धिक क्षमता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण आलोचनात्मक सोच को विकसित करने व शैक्षिक भ्रमण से छात्राओं को व्यावहारिक रूप से ज्ञान प्राप्त करने का अवसर प्रदान होगा। अनुभवों को सीख कर विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इस दौरान बार्डेन अंबुज द्विवेदी, सीमा त्रिवेदी, प्रतिमा, कमला सत्यार्थी, जयपाल सिंह, रेखा आदि मौजूद रहे।

आयोजन | प्रयागराज, लखनऊ, हाथरस, कानपुर, पुणे के कवियों ने रचनाओं पर बटोरीं तालियां

# आशा ग्लोबल स्कूल में होली मिलन, बही काव्यधारा

संवाददाता सौरिख

- समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव रहे मुख्य अतिथि

**अमृत विचार।** नगर में आशा ग्लोबल स्कूल सौरिख में होली मिलन समारोह पर अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें हाथरस,कानपुर , लखनऊ, पुणे एवं कन्नौज अन्य जिलों से आए कवियों ने रचनाएं पढ़कर तालियां बटोरीं। सपा के वरिष्ठ सपा नेता शिवपाल सिंह यादव मुख्य अतिथि रहे।

बुधवार को देर शाम कस्बे से सटे नगरिया ताल पार में स्थित आशा ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर दिनेश गुप्ता ने होली मिलन समारोह एवं अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन कराया। सबसे पहले आयोजक दिनेश गुप्ता, संयोजक दिनेश दुबे, शिवपाल सिंह यादव समेत कवियों एवं पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि चौधरी मनीष यादव डंपी ने मां सरस्वती की फोटो पर दीप प्रज्वलित किया। आयोजक गुप्ता ने कवियों का माला एवं शाल पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद हाथरस से आए हास्य कवि पदम अलबेला ने पढ़ा 'क्या सोचते हो मुझ में कॉन्फिडेंस नहीं है वक्त पहचानने का सेंस नहीं है। कॉन्फिडेंस भी है सेंस भी है वैलिडिटी भी है। क्या करूं इस उम्र में बैलेंस नहीं है'। प्रयागराज से आए कवि अखिलेश द्विवेदी ने कहा, 'हम अपना दर्द बांटें या न बाटें पर हंसी बाटें।' कन्नौज से आए सुप्रसिद्ध गीतकार पवन बाथम ने सुनाया तेरे आने का मान होता है, खुशनुमा आसमान होता है। कानपुर से आई कवयित्री शिखा मिश्रा ने पढ़ा- मुझको मत कोख में ही मार तू मेरे बाबुल तेरे बेटों से भी आगे मैं निकल सकती हूं वहीं पुणे से आई कवियत्री शैलजा दुबे ने भी अपनी कविताओं को सुना कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस दौरान कार्यक्रम मे आदेश दुबे, नरेंद्र यादव, पप्पू यादव, मगन सिंह बैस, मुकेश गुप्ता, शिवाकांत शुक्ला, सुभाष चतुर्वेदी, मनीष यादव, दीपू त्रिपाठी,अनिल गुप्ता,ओमी चतुर्वेदी, विग्नेश चंद्र वर्मा, रघुवीर यादव, उमेश गुप्ता, विजय शुक्ला, प्रदीप दुबे, अभिषेक मिश्रा ,शिव कुमार पाल,राम प्रकाश वर्मा, अशोक, नवनीस राजपूत,सुरेंद्र राठौर, अमित आर्य कोयला, उवैस अली, मनोज यादव, आदि लोग मौजूद रहे।


कार्यक्रम को संबोधित करते हैं शिवपाल सिंह यादव। अमृत विचार

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**तिर्वा।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के सर्विस रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई।

ठठिया थाना क्षेत्र के भुन्ना गांव निवासी असलम (35) पुत्र हामिद बुधवार सुबह कानपुर के हॉस्पिटल दवा लेने गए थे। देर रात वह बाइक से घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि वह एक्सप्रेस-वे के सर्विस रोड से मकनपुर की तरफ से ठठिया की ओर आ रहे थे। तभी ठठिया थाना सीमा से कुछ पहले किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद असलम सड़क किनारे गंभीर हालत में पड़े रहे। गुरुवार सुबह राहगीरों की सूचना पर मकनपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी। जांचकी जा रही है।

# दुकान में लगाई आग लाखों का सामान जला

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- दुकान के निकट बंधी भैंस व उसका बच्चा झुलसा
- गांव के ही दो लोगों व दो अज्ञात पर आरोप

**अमृत विचार।** पुरानी रंजिश में भवन निर्माण सामग्री की व रंगाई पुताई की दुकान में आग लगा दी गई। इससे लाखों रुपये का सामान जल गया। साथ ही दुकान के पीछे बंधी भैंस व उसका बच्चा झुलस गया। पीडित ने मामले की शिकायत एसपी से की है।

सदर कोतवाली के गांव कुम्हारनपुर्वा कुसुमखोर निवासी फिरोज खां उर्फ शीबू पुत्र सहमुद्दीन ने एसपी को दिये शिकायती पत्र में कहा कि उसकी भवन निर्माण सामग्री व पेंट की दुकान है। इस दुकान में 14 फरवरी की रात को गांव के लोगों ने दो अज्ञात के साथ मिल कर आग लगा दी। सूचना पर वह दुकान पर पहुंचा तो पाया कि लपटें निकल रहीं है। स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह शटर खोल कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। जब तक आग बुझी तब तक दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जल कर नष्ट हो गया। दुकान के पीछे बंधी उसकी एक भैंस व उसकी बच्चा झुलस गया। पीडित ने गांव के ही निवासी दो लोगों व दो अज्ञात पर रंजिश में दुकान में आग लगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने जांच शुरू की है।



### बाइक से गिरे अधेड़ की जिला अस्पताल में मौत

**कन्नौज।** बाइक से गिर कर घायल हुए अधेड़ की जिला अस्पताल में मौत हो गई। परिजन किसी कार्रवाईसे इंकार करते हुए शव को घर ले गये।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव फरिकापुर निवासी एकलाख अहमद (50) पुत्र इलियाश खां गुरुवार की सुवह बाइक लेकर घर से निकले थे। जैसे ही गांव के बाहर पहुंचे उसी समय उनकी बाइक फिसल गई। इससे उनके कमर व सिर में चोट आई। परिजन उनको लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां से उनको कमर व सिर के एक्सरे के लिये भेजा गया। इस दौरान उनकी हालत गंभीर हो गई। इससे परिजन तत्काल उनको इमरजेंसी में लाये जहां जांच के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। गांव में जानकारी होते ही गांव से सगे संबंधी जिला अस्पताल पहुंच गये।

# एजेंसियों की जांच कर सिलेंडरों के स्टॉक की होगी निगरानी

## डीएम ने तीनों तहसीलों में गठित की टीमें, गलत भंडारण या कालाबाजारी न हो, अमेरिका, इजरायल व ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर घरेलू एलपीजी की बुकिंग में पड़ा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** अमेरिका, इजरायल व ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर घरेलू एलपीजी की बुकिंग व आपूर्ति के नियमों में भी पड़ा है। इसी बीच गैस सिलेंडर की कालाबाजारी व रीफिल मिलने में हो रही दिक्कतों की चर्चाएं भी होने लगीं हैं। गड़बड़ी पर रोक लगाने के लिए जिले की तीनों तहसील क्षेत्रों में छापेमारी की गई। साथ ही एजेंसी संचालकों के मोबाइल नंबर भी जारी कर दिए गए हैं। नए नियमों के तहत 25 दिनों में सिलेंडर की बुकिंग हो सकेगी।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने शासन के फरमान पर जनपद में घरेलू गैस उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की निर्बाध आपूर्ति, उसकी निगरानी के लिए तहसीलवार अधिकारियों की टीमों का गठन किया है। डीएम ने बताया कि कन्नौज, छिबरामऊ एवं तिर्वा तहसीलों में संबंधित एसडीएम, सीओ एवं पूर्ति निरीक्षक के नेतृत्व में टीमें गठित की गई हैं, जो अपने-अपने क्षेत्र की गैस एजेंसियों की जांच कर गैस सिलेंडरों के स्टॉक, आमद एवं वितरण व्यवस्था की निगरानी करेंगी। इससे उपभोक्ताओं को बिना किसी समस्या के समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध हो सकेंगे। सभी उपजिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में कार्यकारी मजिस्ट्रेट, सीओ/ थाना प्रभारी तथा क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/ पूर्ति निरीक्षक के साथ निरंतर भ्रमण पर रहेंगे। यह तय करेंगे कि कहीं भी घरेलू गैस सिलेंडरों का गलत तरीके से भंडारण, डायवर्जन या कालाबाजारी न हो। किसी भी एजेंसी पर अनावश्यक भीड़-भाड़ न हो। यदि कहीं भीड़-भाड़ की स्थिति होती है तो तत्काल मौके पर पहुंचकर उसे समाप्त कराया जाएगा। यह भी तय किया जाएगा कि किसी भी गैस एजेंसी या डिलीवरी मैन की ओर से उपभोक्ताओं से निर्धारित मूल्य से अधिक धनराशि न ली जाए।

**रसोई गैस की कालाबाजारी की तो होगी कार्रवाई, तिर्वा:** उप जिलाधिकारी राजेश कुमार ने अश्वनी इंडेन गैस गोदाम पर गुरुवार को जांच पड़ताल की। प्रोप्राइटर सुनील कुमार ने बताया कि कंपनी की तरफ से पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति की जा रही है। किसी प्रकार की समस्याएं नहीं है। उप जिलाधिकारी ने कहा कि किसी ने अफवाह फैलाई या गैस की जमाखोरी की तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सदर कन्नौज क्षेत्र के गैस एजेंसी संचालकों के नंबर

- गैस सिलेंडर में दिक्कत होने पर कन्नौज गैस सर्विस के मोबाइल नंबर 8004867613, नंदिनी इंडेन गैस 9958858612, बाबा इंडेन ग्रामीण वितरक 9535613149, मुनेश्वर भारत गैस 7275216441, जय गुरुदेव इंडेन गैस सर्विस 9450105733, जय बजरंग गैस सर्विस 9984099667, अंशिका एचपी गैस सर्विस 9616542433 पर कॉल की जा सकती है।

### तिर्वा तहसील क्षेत्र की घरेलू गैस एजेंसियां

- अश्वनी इंडेन गैस सर्विस 9670283488, गोकुल इंडेन ग्रामीण वितरक 8052663868, लाख इंडेन ग्रामीण वितरक 9919067985, नादेमऊ इंडेन ग्रामीण वितरक 9935839894, यदुवंशी इंडेन ग्रामीण वितरक 9935181857, राम नरायन इंडेन गैस सर्विस 9453543909, फूलमती इंडेन गैस सर्विस 9936491318, श्रीकृष्ण एचपी गैस ग्रामीण वितरक 7607860023 व जय शिव एचपी गैस एजेंसी के मोबाइल नंबर 7054997487 हैं।

### फैलाई झूठी खबर तो कार्रवाई तय

- जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया अथवा अन्य माध्यमों के जरिए गैस सिलेंडर की कमी से संबंधित भ्रामक एवं झूठे प्रचार पर कड़ी नजर रखी जाए। यदि कोई व्यक्ति अथवा सोशल मीडिया अकाउंट इस प्रकार के दुष्प्रचार में संलिप्त पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने प्रतिष्ठान के बाहर दैनिक गैस स्टॉक की सूचना बैनर/ फ्लेक्सी से प्रदर्शित करें तथा उपभोक्ताओं को मांगने पर नियमानुसार गैस सिलेंडर की आपूर्ति करें।

### छिबरामऊ इलाके की गैस एजेंसियां

- अमर सीमा प्रहरी सुशील इंडेन 9412308224, नौली इंडेन ग्रामीण वितरक 9450104573, प्रेमपुर इंडेन ग्रामीण वितरक 9450203690, राज राजेश्वर इंडेन गैस 9838236316, जय बालाजी इंडेन ग्रामीण वितरक 7081251090, ग्रीन क्रॉस इंडेन के 9792700967, पीके गैस सर्विस 8874000000, रेवती गैस सर्विस 7607860023, जानकी गैस सर्विस 9936984525, श्रीबाला जी गैस सर्विस 9984099667, खड़िनी भारत गैस 9695531939 व विशुनगढ़ भारत गैस के मोबाइल नंबर 9140510785 पर समस्या बताई जा सकती है।


गैस गोदाम पर स्टॉक के बारे में जानकारी लेते एसडीएम ज्ञानेंद्र द्विवेदी।

### छिबरामऊ में भी गैस गोदामों का निरीक्षण

- छिबरामऊ। तहसील क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से रसोई गैस (एलपीजी) की कमी को लेकर अफवाहें फैल रही थीं। इन अफवाहों पर रोक लगाने के लिए शासन के निर्देश पर उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी और पूर्ति निरीक्षक सौरभ गुप्ता ने क्षेत्र के गैस गोदामों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने गोदामों में उपलब्ध गैस सिलेंडरों के स्टॉक की जांच की। पाया गया कि गोदामों में गैस का पर्याप्त भंडार मौजूद है और आपूर्ति में कोई कमी नहीं है। एसडीएम ने बताया कि कुछ लोग बिना वजह अफवाहें फैला रहे हैं, जिसके कारण लोग घबराहट में अनावश्यक रूप से सिलेंडर बुक करने की होड़ में लग गए हैं। एक साथ अत्यधिक बुकिंग के चलते कंपनियों के सर्वर में तकनीकी दिक्कत आ रही है, जिससे बुकिंग नंबर लगने में परेशानी हो रही है। अधिकारियों ने जनता से अपील की है कि वे धैर्य रखें, अफवाहों पर ध्यान न दें।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रैक्टर की टक्कर से बच्चे की मौत, कोहराम

**कन्नौज।** खेत से आलू खुदाई कर घर जा रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने घर के बाहर खेल रहे बच्चे को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बालक की मौत हो गई। तालग्राम थाना क्षेत्र के कूकापुर गांव निवासी लालची इंदौर में कपड़े की फेरी लगाकर बिक्री करते हैं। उसकी पत्नी और बच्चे घर पर रहते हैं। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे उनका पुत्र एजाज (02) दरवाजे के सामने खेल रहा था। इसी बीच गदनापुर गांव निवासी ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। सूचना पर थाना प्रभारी विनय शर्मा मौके पर पहुंचे। घायल बालक को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया। जहां डाक्टरों ने मृतक घोषित कर दिया। शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। थानाध्यक्ष विनय शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया गया है।

### सोशल ऑडिट को 56 ने साक्षात्कार दिया

**तिर्वा।** ग्राम सभाओं में विकास कार्यों में खर्च की जा रही धनराशि की ऑडिट के लिए टीम का चयन किया जा जाना है। गुरुवार की खंड विकास कार्यालय में जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव की अध्यक्षता में सोशल ऑडिट टीम चयन के लिए साक्षात्कार लिया गया। 58 लोगों में से 56 ने साक्षात्कार दिया है। इस दौरान विकास कार्यों की योजनाओं संबंधित प्रश्न पूछे गए। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि जल्द ही परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

### तम्बाकू से नुकसान को लेकर जागरूकता अभियान चलाया

**तिर्वा।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में तम्बाकू के दुष्परिणाम को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया गया। नो स्मोकिंग डे पर बुधवार को भीम राव अंबेडकर राजकीय मेडिकल कॉलेज में तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्परिणाम को लेकर चिकित्सकों ने नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया। बताया कि धूम्रपान से फेफड़ों तथा मुंह के कैंसर के मरीज बढ़ रहे हैं। तंबाकू का सेवन न करने से इस प्रकार की मौतों को टाला जा सकता है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सीपी पाल, सीएमएस डा. दिलीप सिंह एवं विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीती वर्मा, डा. अवधेश वर्मा ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान एमबीबीएस के छात्र एवं छात्राएं, कम्युनिटी मेडिसन विभाग के संकाय सदस्य, पीजी रेजिडेंट एवं इंटर्न ने प्रतिभाग किया।

### बोर्ड परीक्षाएं खत्म, अब मूल्यांकन की तैयारी

**कन्नौज।** जिले में 18 फरवरी से चल रहीं यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 12 मार्च को समाप्त हो गईं। अब मूल्यांकन की तैयारी शुरू हो गई है। इम्तिहान के अंतिम दिन सुबह पहली पाली में हाई स्कूल में कृषि विषय की परीक्षा कुल 12 केंद्रों पर संपन्न हुई। इसमें पंजीकृत 202 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 190 उपस्थित और अनुपस्थित 12 रहे। इसी तरह दूसरी पाली दोपहर में इंटरमीडिएट का संस्कृत का पेपर कुल 27 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुआ। इसमें 251 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे जिसके सापेक्ष 235 ने परीक्षा दी और 16 अनुपस्थित रहे। डीआईओएस पप्पू सरोज ने जिला कंट्रोल रूम में बैठकर परीक्षा केंद्रों की निगरानी की।

### राजमिस्त्री के शव का कराया पोस्टमार्टम

**फर्रुखाबाद।** राजमिस्त्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह बुधवार सुबह आलू खोदने खेत गया था, लेकिन शाम को उसका शव तालाब के पास मिला। परिजनों ने उसे लोहिया अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव पकरा निवासी 28 वर्षीय लंकुश के रूप में हुई है, जो राजमिस्त्री का काम करता था। बुधवार सुबह वह याकूतगंज रेलवे स्टेशन के पास अपने खेतों में आलू खोदने गया था। शाम के समय परिजनों को सूचना मिली कि लंकुश बेहोशी की हालत में तालाब के पास पड़ा है। परिवार के सदस्य तुरंत मौके पर पहुंचे और एक निजी वाहन से लंकुश को लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी लेकर आए। वहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. अभिषेक चतुर्वेदी ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि युवक को बेहोशी की हालत में लाया गया था और उपचार के दौरान उसकी मौत हुई। उसका पोस्टमार्टम कराया गया। बताया गया है कि लंकुश अपने चार भाइयों में तीसरे नंबर का था।

# उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारियों का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** 14 व 15 मार्च को जिले में होने वाली उप निरीक्षक नागरिक पुलिस परीक्षा की तैयारियों को लेकर डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

गुरुवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने आगामी उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये जनपद में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, अभ्यर्थियों की चेकिंग, कक्षों की व्यवस्थाओं तथा परीक्षा से सम्बन्धित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित केन्द्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सम्पन्न कराया जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कठोर कार्यवाही की जाएगी।

**एसपी के पीआरओ संजीव को मिला ठठिया थाने का चार्ज: कन्नौज।** एसपी विनोद कुमार ने ठठिया थानाध्यक्षदेवेश कुमार को हटा दिया है। उनके स्थान पर एसपी के पीआरओ रहे संजीव कुमार को ठठिया थानाध्यक्ष के पद पर स्थानांतरित किया है। उन्होंने ठठिया थाने पहुंच कर चार्ज संभाल लिया है।

# टीईटी को लेकर शिक्षकों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** टीईटी के विरोध में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ ने पूर्व से सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता को लेकर प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने पोस्टकार्ड व ईमेल लिख कर सरकार को इसकी जानकारी भी दी।

गुरुवार को महासंघ की ब्लॉक इकाई ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय जलालाबाद में बैठक की। इसमें 2010 से पूर्व नियुक्त सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ सभी शिक्षकों ने आवाज उठाई। महासंघ के जिला संयोजक सुशील कुमार यादव ने कहा कि टीईटी की अनिवार्यता का विरोध स्कूल से लेकर सदन तक किया जाएगा। ब्लॉक संयोजक जावेद अहमद सिद्दीकी, ब्लॉक संयोजक रमाकांत पाल ने कहा कि शिक्षकों को न्याय दिलाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष किया जाएगाष चरणवद्ध घोषित आंदोलन के प्रथम चरण में राष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड व ईमेल के माध्यम से टीईटी की अनिवार्यता संबंधित आदेश को वापस कराए जाने का अनुरोध किया गया। इस दौरान ब्लॉक सहसंयोजक अवध नारायण, जसकरन, मदरबक्स, सिराज अहमद, ब्रजेश कुमार आदि रहे।


पोस्टकार्ड दिखा कर टीईटी का विरोध करते शिक्षक। अमृत विचार

# महिला की हत्या में पति सहित चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

संवाददाता गुरसहायगंज

- अतिरिक्त दहेज की मांग कर महिला का उत्पीड़न किया था
- महिला के भाई ने हत्या का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया

**अमृत विचार।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर पति सहित ससुरालियों ने महिला का उत्पीडन किया। उसे मारपीट कर फंदे पर लटका कर उसकी हत्या कर दी थी। भाई की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। इस मामले में चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

फर्रुखाबाद के थाना मऊदरवाजा निवासी ग्राम पचपुखरा निवासी लोकेन्द्र शाक्य पुत्र श्रीकृष्ण शाक्य ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसने अपनी बहन रजनी शाक्य की शादी 25 नवंबर 2020 को नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी अंकित शाक्य के साथ हिंदू रीति रिवाज के तहत करीब पांच लाख रुपये दान दहेज देकर की थी। शादी के बाद पति अंकित शाक्य सहित ससुरालीजन सास मिथलेश कुमारी, जेठ प्रशांत व जेठानी नीरज ने अतिरिक्त दहेज की मांग कर महिला का उत्पीड़न शुरू कर दिया। विवाह के बाद उसकी बहन ने पुत्री व पुत्र को जन्म दिया। बीती 07 मार्च की रात पति, सास, जेठ व जेठानी ने रजनी को मारपीट कर घायल कर दिया और फंदा पर लटा कर उसकी हत्या कर दी। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने पुलिस को सूचना देकर पोस्टमार्टम कराया था। कोतवाली पुलिस ने पति सहित चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांचकी जा रही है।

# गैस एजेंसियों व पेट्रोल पंपों का निरीक्षण

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा जनपद में आवश्यक पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से बलराम गैस सर्विस, जितेंद्र गैस सर्विस तथा राधाकृष्ण फिलिंग स्टेशन का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा गैस एजेंसियों पर घरेलू गैस की उपलब्धता की स्थिति की जानकारी ली गई तथा गैस सिलेंडर की बुकिंग से लेकर उपभोक्ताओं तक डिलीवरी होने में लगने वाले समय के संबंध में एजेंसी संचालकों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को समयबद्ध रूप से गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने पाए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा राधाकृष्ण फिलिंग स्टेशन पर पेट्रोल एवं डीजल के उपलब्ध स्टॉक की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया गया कि सडक़ सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा बिना हेलमेट दुपहिया वाहनों को पेट्रोल न दिया जाए। निरीक्षण के दौरान बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चलाते पाए गए चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनका चालान भी किया गया तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया गया।

अधिकारियों ने कहा कि जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी व संवंधित उपस्थित रहे।


जितेंद्र गैस एजेंसी का निरीक्षण करते जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी।

- डीएम और एसपी ने ईंधन की उपलब्धता की परखी हकीकत

# बकाया कर व ओवर लोडिंग में नौ ट्रक सीज

**फर्रुखाबाद।** एआरटीओ प्रवर्तन विभाग ने ओवरलोड माल ढोने और बकाया कर के मामलों में कुल नौ ट्रकों को जब्त किया गया।

एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में, ओवरलोड माल ढोते हुए पाए गए दो ट्रकों को सीज किया गया। इन ट्रकों पर 71 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इसके अतिरिक्त, बकाया कर के आरोप में सात अन्य ट्रकों को भी जब्त किया गया। इन ट्रकों पर कुल 1.95 लाख रुपये का कर बकाया था। एआरटीओ ने बताया कि भविष्य में भी ओवरलोड वाहनों के खिलाफ और अधिक कठोर कार्रवाई की जाएगी। विभाग द्वारा राजस्व वसूली को लेकर 16 मार्च तक एक सघन बकाया वसूली अभियान चलाया जा रहा है। सभी कर बकाया वाले वाहन स्वामियों से अपील की गई है कि वे अपना बकाया कर जल्द से जल्द जमा कर दें।

# श्री श्याम आस्था परिवार के फागुन महोत्सव में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संवाददाता फर्रुखाबाद

- क्रिश्चियन इंटर कॉलेज फील्ड में संपन्न हुआ महोत्सव
- अभि दीवाना ने बाबा के भजनों से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया

**अमृत विचार।** श्री श्याम आस्था परिवार द्वारा क्रिश्चियन इंटर कॉलेज फील्ड में श्री श्याम बाबा का पंचम फागुन श्याम महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। मनोना धाम से आए महाराज जी के दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ी पड़ी। भीड़ को संभालने के लिए सुरक्षा बलों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

श्री श्याम महोत्सव आस्था परिवार के आयोजक मंडल ने बताया की फागुन मास में श्री श्याम बाबा की विशेष कृपा होती है। उनके भजन कीर्तन से जो हमें आध्यात्मिक ऊर्जा मिलती है उसे हम सब लोग समाज सेवा मानव कल्याण वर्ष भर करते रहते हैं। इस वर्ष बाबा श्याम के वार्षिक महोत्सव में प्रमुख रूप से मनोना धाम जीवन धाम के महंत ओमेंद्र जी महाराज की विशेष कृपा और बाबा का आशीर्वाद भक्त जनों को प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्री श्याम बाबा की ज्योति जागरण श्री श्याम बाबा का भाव एवं दिव्या सिंगार दर्शन एवं फूलों का विशेष शृंगार एवं पुष्प वर्षा 56 भोग बाबा का महंत जी द्वारा आशीर्वाद महा आरती के दर्शन रहा। बाबा के दरबार में हरियाणा उत्तर प्रदेश से भजन गायक अभिनव ऐरन (मिनी कन्हैया मित्तल) भजन गायिका बृज क्षेत्र वृंदावन बरसाना से पूनम दीदी लोक गायिका के भजनों गीत संगीत एवं भाव नृत्य के साथ फागुन महोत्सव में आध्यात्मिक रस की वर्षा करके भाव विभोर कर दिया। भजन गायक अभि दीवाना ने बाबा के भजनों से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। मध्य रात में बाबा की महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम विराम को प्राप्त हुआ।

श्री श्याम आस्था परिवार के संयोजक मंडल ,संरक्षक अजय परमार अध्यक्ष नवनीत कनौजिया सचिव अनूप चौरसिया कोषाध्यक्ष संजय भैया लोकेश सक्सेना अरविंद गुप्ता सर्वेश दीक्षित गोपाल कश्यप मोहित शाक्य आकाश लखन गुप्ता अंकुर श्याम सुंदर गुप्ता ऋषभ अंकित गुप्ता व्यवस्था में लगे रहे।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

परेशानी | लोग कई-कई दिनों से गैस एजेंसी के चक्कर लगाने को मजबूर हैं

# गैस एजेंसी में स्टॉक पूरा लेकिन सर्वर ठप होने से वितरण बंद

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** कस्बा अमृतपुर स्थित अत्रेय इंडियन गैस एजेंसी पर पिछले कुछ दिनों से सर्वर की समस्या के चलते गैस वितरण व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। एजेंसी पर पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध होने के बावजूद बुकिंग और पर्ची न निकल पाने के कारण उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, जिससे क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि सर्वर बार-बार ठप होने की वजह से उपभोक्ताओं की बुकिंग दर्ज नहीं हो पा रही है और वितरण प्रक्रिया बाधित हो रही है। परिणामस्वरूप लोग कई-कई दिनों से गैस एजेंसी के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। अमृतपुर ही नहीं, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी गैस के लिए एजेंसी पर पहुंच रहे हैं, लेकिन तकनीकी समस्या के कारण उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। इस संबंध में अत्रेय इंडियन गैस एजेंसी के मैनेजर अभिषेक भदौरिया ने बताया कि एजेंसी पर गैस की किसी प्रकार की कमी नहीं है। वर्तमान समय में एजेंसी के गोदाम में कुल 632 गैस सिलेंडर स्टॉक में उपलब्ध हैं।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को 114 सिलेंडरों का वितरण किया गया था, जबकि गुरुवार सुबह कुछ समय के लिए सर्वर चलने पर 20 सिलेंडरों का वितरण किया जा सका। इसके अलावा करीब 35 उपभोक्ताओं की गैस किताबें एजेंसी पर जमा हैं, जिनका वितरण सर्वर सही होते ही कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सर्वर की तकनीकी समस्या के कारण पर्ची निकलने में दिक्कत आ रही है, जिसकी वजह से नियमित वितरण नहीं हो पा रहा है। एजेंसी की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं कि जैसे ही सर्वर पूरी तरह से चालू हो, उपभोक्ताओं को तुरंत गैस उपलब्ध कराई जा सके।

दूसरी ओर, सर्वर की समस्या के चलते उपभोक्ताओं में काफी नाराजगी देखने को मिल रही है। कई लोग सुबह से शाम तक एजेंसी पर इंतजार करते नजर आए। उपभोक्ताओं का कहना है कि रसोई गैस की आवश्यकता रोजमर्रा के जीवन में सबसे अधिक होती है, ऐसे में कई दिनों तक सिलेंडर न मिलने से घरों में खाना बनाना भी मुश्किल हो गया है।


गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भीड़। अमृत विचार

# भईयन मिश्रा देंगे पुलिस भर्ती के अभ्यर्थियों को भोजन, आवास

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पिछली बार की तरह इस बार भी 14 व 15 मार्च को जिले में आयोजित होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा में आने वाले अभ्यर्थियों को फर्रुखाबाद विकास मंच के अध्यक्ष व समाजसेवी भईयन मिश्रा निःशुल्क चाय, नाश्ता, भोजन व आश्रय उपलब्ध कराएंगे।

भईयन मिश्रा ने कहा कि जिले में 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं । पूरे प्रदेश से कई हजार परीक्षार्थी परीक्षा देने जनपद में आएंगे। बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए निःशुल्क आश्रय, चाय नाश्ता खाना पीना की व्यवस्था पूर्व की भांति की जाएगी। वे जहां भी रुकेंगे वहीं पर उनको निशुल्क भोजन चाय नाश्ता आदि उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन परीक्षार्थियों को रोकने की व्यवस्था विशंभर दयाल धर्मशाला नुनहाई, हिंदी भवन, सिंधी धर्मशाला, ब्राह्मण धर्मशाला आदि में की गई है। व्यवस्था में नीशू दुबे, अंगद पांडे उर्फ कोमल, मोहित खन्ना, नीरज दुबे, दिलीप कुमार, राम जी मिश्रा, शाहिद रहेंगे।


समाजसेवी भईयन मिश्रा।

# पिकअप ने महिला को रौंदा, मौत

## नातिन की शादी में शामिल होने जा रही थी, शादी की खुशियां मातम में बदली, मचा कोहराम

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार** । थाना क्षेत्र के सरैया गांव में शादी की खुशियों के बीच मातम पसर गया। बहन की नातिन की शादी की शाम ही एक वृद्ध महिला को तेज रफ़्तार पिकअप ने रौंद दिया। महिला को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना ले जाया गया, जहां गंभीर हालत होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही महिला ने रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख पुकार के साथ कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम केलिय भेज दिया।

क्षेत्र के गांव सरैया निवासी रामप्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी मौसी गिरजा पत्नी स्व. अमर सिंह उम्र करीब 45 वर्ष बुधवार की देर शाम भतीजी रजनी की शादी में शामिल होने सरैया गांव आ रही थी तभी सरैया रमायन मार्ग पर हनुमान मंदिर के समीप पीछे से आ रही एक तेज रफ़्तार पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मेरी मौसी गंभीर रूप से घायल हो गयी। परिजनों द्वारा उन्हें आनन फानन में उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना ले जाया गया। वहां गंभीर हालत होने के चलते उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया । बताया जा रहा है कि पिकअप ने पहले हनुमान जी के मंदिर को क्षतिग्रस्त किया, फिर सड़क किनारे खड़े एक ऑटो में जोरदार टक्कर मारी। इसके बाद पिकअप ने आगे चल रही महिला को रौंद दिया। घटना को अंजाम देने के बाद चालक पिकअप को मौके से लेकर भाग निकला।


गिरजा देवी।

घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख पुकार के साथ कोहराम मच गया। एक ओर जहां शादी वाले घर में मंगल गीतों का शोर सुनाई दे रहा था तो वहीं इस घटना से शादी वाले घर में मातम पसर गया । मृतका अपने पीछे अपने पुत्र गोलू, अन्नू तथा दो पुत्रियों आरती व दुर्गा को रोता बिलखता छोड़ गयी है । घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सभी का रो रोकर बुरा हाल है।

### युवक का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला

■ जसवंतनगर। डीएफसीसी पर बुधवार देर शाम रेलवे ट्रैक की अप लाइन पर एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस और आरपीएफ मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अफसरों ने युवक के मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत होन की आशंका जताई है। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि आरपीएफ की ओर से मीमो के माध्यम से सूचना मिली थी कि डीएफसीसी अप लाइन पर खंभा नंबर 646/23 के पास, रेलवे स्टेशन से पूर्व दिशा में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। एसआई मनीष कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतक की तलाशी ली तो उसके पास से एक मोबाइल फोन चालू हालत में और 130 रुपये नकद बरामद हुए। इसी दौरान मोबाइल पर उसके चचेरे भाई करन कुमार की कॉल आई, जिन्हें घटना की जानकारी दी गई। बाद में परिजन थाने पहुंचे और फोटो के माध्यम से शव की पहचान की। मृतक की पहचान अतुल कुमार (25) निवासी गांव मांसरपुर थाना करहल, मैनपुरी के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि अतुल घर से दिल्ली नौकरी करने की बात कहकर निकला था। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### खरदूली में नवजात बच्ची का मिला शव

■ इटावा। वेदपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम खरदुली में बृस्पतिवार तड़के उस समय सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों को एक स्थान पर नवजात बच्ची का शव पड़ा मिला सूचना मिली। घटना की जानकारी मिलने पर थानाध्यक्ष नागेंद्र चौधरी पहुंचे और मामले की जांच की। पुलिस के अनुसार किसी महिला ने लोकलाज के भय से नवजात को वहां फेंक दिया है। मौके पर मौजूद महिला कांस्टेबल से जांच कराई गई तो पता चला कि शव नवजात बच्ची का है। उसके शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए तथा नाल नाभि से जुड़ी हुई थी, जिससे अंदेशा जताया जा रहा है कि जन्म के तुरंत बाद ही उसे वहां डाल दिया गया होगा। पुलिस ने बच्ची का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर गांव में लोगों के बीच तरह तीह की चर्चाएं हो रही हैं।

# दहेज के लिए महिला के साथ की मारपीट

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार** । फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र की श्रीधाम कॉलोनी निवासी एक विवाहिता ने सिपाही पति और ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और घर से निकाल देने का आरोप लगाया है।

पीड़िता अनुपम ने एसएसपी को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी शादी 28 फरवरी 2020 को औरैया निवासी प्रवेंद्र से हुई थी। आरोप है कि शादी के दूसरे ही दिन से ससुराल पक्ष के लोगों ने कार की मांग शुरू कर दी। पति प्रवेंद्र आरपीएफ में आरक्षी के पद पर कानपुर में तैनात हैं। उसकी सास संतरा देवी, जेठ रवि , अरविंद और ननद गुड़िया देवी अक्सर उसे ताने देते थे कि शादी में कार देने की बात हुई थी, लेकिन उसके पिता ने कार नहीं दी। उसने जब कहा कि उसके पिता अब कार देने की स्थिति में नहीं हैं तो ससुराल पक्ष के लोग उससे नाराज होने लगे। लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर वह मायके आ गई । बाद में परिवार के लोगों ने उसे दोबारा ससुराल भेज दिया, लेकिन फिर से कार की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की और उसके जेवर भी छीन लिए गए। आरोप है कि वह जब गर्भवती हुई तो पति और ससुराल वालों ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद वह अपने पिता के पास कानपुर चली गई, जहां एक अस्पताल में उसने एक बेटी को जन्म दिया। आरोप लगाया कि उसके पति की आरपीएफ में तैनात एक महिला आरक्षी से नजदीकी है। पति कानपुर में तैनाती के बावजूद औरैया और जालौन क्षेत्रों में अपनी कार से मौरंग और बालू से लदे ट्रकों को पुलिस और आरटीओ से निकलवाने के नाम पर अवैध वसूली करता है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने पति समेत चार ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## न्यूज ब्रीफ

### खो खो प्रतियोगिता के लिए ट्रायल 15 मार्च को

इटावा । खो खो की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन ट्रायल किया जाएगा। चयन प्रक्रिया 15 मार्च को सुबह 10 बजे से एसपीएस ग्लोबल स्कूल कैस्त जसवंतनगर में होगी। यह जानकारी खो खो एसोसिएशन के जिला संयोजक लालू यादव, जिला उपाध्यक्ष रणविजय यादव ने दी है। उन्होंने बताया है कि यह चयन ट्रायल अंडर 17 आयु वर्ग के लिए होगा। । चयन ट्रायल में एसोसिएशन के पर्यवेक्षक के रूप में साहिल खान मौजूद रहेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 22 मार्च को बिजनौर में कराई जाएगी।

### मारपीट की घटनाओं में चार लोग घायल

इटावा। अलग अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाओं में चार लोग घायल हो गएअ। थाना पछायगांव क्षेत्र के अंतर्गत बहादुरपुर निवासी चरन कुमारी को कुछ लोगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया। थाना भरेह क्षेत्र के अंतर्गत हरौली निवासी अमित तिवारी को दबंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया। थाना बलरई क्षेत्र के अंतर्गत ख़ाकाबाग़ निवासी संगीता को दबंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत लालपुर निवासी काजल को दबंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया।

### अलविदा जुमे की नमाज मस्जिदों में पढ़ी जाये

इटावा। शहर कोतवाल यशवंत सिंह ने शहर कोतवाली क्षेत्र सभी मस्जिदों के व्यवस्थापकों को निर्देशित किया है कि आज 13 मार्च को पवित्र रमज़ान के महीने के अलविदा जुमे की नमाज किसी भी अवस्था में मस्जिदों के बाहर या रास्ते को रोक कर नहीं पढ़ी जायेगी। अलग अलग मस्जिदों में अलग-अलग समय पर नमाज होगी।

### सड़क हादसों में पांच लोग हुए घायल

बकेवर। भरथना थाना क्षेत्र के ग्राम चलनिया ऊमरसेडा निवासी सतीश कुमार गुरुवार की सुबह पत्नी शकुन्तला देवी को बाइक से लेकर बकेवर कस्बे के अम्बेडकर नगर मुहाल में अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिये जा रहे थे जैसे ही उनकी बाइक बकेवर थाना क्षेत्र के भरथना बकेवर मार्ग स्थित ग्राम पटिया के सामने पहुँची कि उसी समय भरथना थाना क्षेत्र के ग्राम समसपुरा निवासी अरविंद कुमार की बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और उसकी बाइक ने सतीश कुमार की बाइक में टक्कर मार दी जिससे दम्पति सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो को पचास सैया अस्पताल में भर्ती कराया गया है इसके अलावा थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत रामलीला रोड स्थित बुलट शोरूम के सामने खड़े अनुज कुमार पुत्र ताराचन्द्र शुक्ला निवासी विवेक बिहार कालोनी पक्का बाग थाना फ्रेंडस कालोनी को बाइक ने टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत उदयपुरा अभिनवपुर निवासी रितेश का बेटा सम्भव उदयपुरा में सड़क किनारे खेल रहा था तभी बाइक ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया।

### अधिवक्ता की पत्नी का निधन, जताया शोक

कालपी। वरिष्ठ अधिवक्ता बलराम पाल की पत्नी महादेवी का गत दिवस निधन हो गया। सूचना पाकर कालपी अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष अमर सिंह निषाद की अध्यक्षता में एक शोक सभा तहसील परिसर में की गई। इस दौरान अधिवक्ता मनोज दीक्षित, गयादीन अहिरवार, राम कुमार तिवारी, अपूर्व श्रीवास्तव, इस्लाम अहमद, श्रीराम बघेल, दिनेश श्रीवास्तव रहे।

# घरेलू उपभोक्ताओं को मिलती रहेगी रसोई गैस

कार्यालय संवाददाता इटावा ।

**अमृत विचार**। प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा है कि युद्ध से उत्पन्न परिस्थितियों पर सरकार की नजर है और घरेलू उपभोक्ताओं को गैस की किसी तरह की किल्लत नहीं होने दी जाएगी। सरकार पूरी गंभीरता से इस मामले को ले रही है और उपभोक्ता परेशान ना हो यह मुख्य मकसद है। पंचायत चुनाव भी तय समय पर ही होंगे।

यहां सदर विधायक सरिता भदौरिया के पुत्र के विवाह समारोह में शामिल होने आए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत में कहा कि यह स्थिति युद्ध के चलते उत्पन्न हुई है लेकिन सरकार बेहतर तरीके से निपट रही है। पूरा प्रयास है कि उपभोक्ताओं को परेशानी न होने पाए । उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई इन पदार्थों की कालाबाजारी करता हुआ मिलेगा तो उसके खिलाफ बेहद कड़ी कार्यवाही की जाएगी । कालाबाजारी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


पत्रकारों से बातचीत करते प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।

● **पंचायत चुनाव तय समय सीमा में कराए जायेंगे**

उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था बेहतर हुई है । विकास तेजी से हो रहा है। यही कारण है कि विदेशी निवेशक भी उत्तर प्रदेश में निवेश करने के लिए आगे आ रहे हैं । जापान जैसे देशों से भी निवेशक उत्तर प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए आगे आए हैं । ऐसा सरकार की बेहतर नीतियों और कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति के कारण संभव हो सका है । उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में विकास की गति तेज है। वित्त मंत्री ने सिंचाई विभाग के डाक बंगले में भाजपा कार्यकर्ताओं से भी बातचीत की।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे व शिवाकांत चौधरी , पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य और प्रेमदास कठेरिया , मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य मौजूद रहे ।

# गैस एजेंसी के बाहर लोगों की लगी लाइन

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार** । जिले में एक तरफ प्रशासन कुकिंग गैस की उपलब्धता का दावा कर रहा है वहीं उपभोक्ता गैस के लिए परेशान हो रहे हैं।

शहर में इस समय यही चर्चा हो रही है कि उपभोक्ताओं को पहले जैसे आसानी से गैस सिलेंडर उपलब्ध नही हो पा रहे हैं। अब तो हॉकरों ने भी गैस के लिए पल्ला झाड़ लिया है, अगर जिले में गैस की कोई किल्लत नहीं है तो उपभोक्ताओं को गैस के लिए परेशान क्यों होना पड़ रहा है। जनपद में गैस की किल्लत को लेकर जिला समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता उदय भान सिंह यादव ने कहा कि जनपद मे जिला प्रशासन द्वारा गैस प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं से कहा जा रहा है वो अपनी गैस एजेन्सी के अधिकृत सम्पर्क फोन नंबर पर ऑनलाइन माध्यम से बुकिंग करें जिससे गैस रिफिल सुचारू रूप से उपलब्ध करायी जा सके। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग हो ही नहीं रही है फोन तो बंद आ रहे या उपलब्ध नहीं है मिस्ड काल करने पर भी कोई एसएमएस नहीं आ रहा है। प्रशासन द्वारा जांच की जाये कि ऑनलाइन बुकिंग क्यों नही हो रही है उपभोक्ता को पूरी जानकारी दी जाये और गैस को सहज उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उपभोक्ताओं ने कहा कि गैस के लिए लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। सुबह से लाइन में लगे है लेकिन गैस नही मिल पा रही।



लोहिया गैस एजेंसी पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

● **ऑनलाइन बुकिंग नहीं होने से लोग हो रहे परेशान**

### कुकिंग गैस की कोई कमी नहीं : डीएसओ

■ इटावा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि वर्तमान गैस रिफिल का मूल्य 940 से 950 रुपये के बीच हो सकता है। पहली रिफिल प्राप्त होने के 25 दिन बाद ही अगली रिफिल की बुकिंग की जायेगी। रिफिल बुकिंग सिर्फ ऑनलाइन के माध्यम से ही की जायेगी। रिफिल बुक होने के बाद रिफिल होम डिलीवरी कर दी जायेगी गोदाम और शोरूम पर जाने की आवश्यकता नही है। उन्होंने कहा कि जनपद में गैस की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है किसी भी अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी अन्य समस्या या जानकारी के लिये आप अपने डिस्ट्रीब्यूटर / सम्बन्धित गैस एजेन्सी के रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर सकते है। वर्तमान में भारत सरकार के निर्देशों पर कॉमर्शियल गैस की सप्लाई अस्पतालों और विद्यालय संस्थानों पर की जायेगी। जिन उपभोक्ताओं द्वारा अपनी केवाईसी अभी तक नही करायी है वो अपनी गैस एजेन्सी से सम्पर्क कर या ऑनलाइन माध्यम से केवाईसी को पूरा कर लें जिससे गैस रिफिल सुचारू रूप से उपलब्ध हो सके।

# फैमिली आईडी हेल्प डेस्क का डीएम ने किया शुभारंभ

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार** । जनपद में पात्र परिवारों तक विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से फैमिली आईडी हेल्प डेस्क का शुभारंभ जिलाधिकारी द्वारा किया गया। इस हेल्प डेस्क के माध्यम से नागरिकों को फैमिली आईडी बनवाने तथा उससे संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की जा रही है।

जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने निर्देशित किया कि इस पहल के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिया जाए तथा जिन परिवारों की फैमिली आईडी नहीं बनी है, उनकी तत्काल फैमिली आईडी एवं राशन कार्ड बनाए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। प्रशासन द्वारा जनपदवासियों से अपील की गई है कि वे निकटतम हेल्प डेस्क पर संपर्क कर अपनी फैमिली आईडी बनवाकर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। उक्त अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चन्द्र सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।


फैमिली आईडी देते जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल।

# ऋषभदेव भगवान के जन्मोत्सव यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

संवाददताता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार** । चैत्र कृष्ण नवमी के पावन अवसर पर सृष्टि निर्माता तथा प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के जन्मोत्सव पर गुरुवार को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव पंडाल से हुई, जिसका शुभारंभ सपा शिवपाल सिंह यादव द्वारा भगवान की आरती उतारकर किया गया।

शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अंत में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में जैन समाज के श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। शोभायात्रा के सबसे आगे अहिंसा का प्रतीक जैन ध्वज लहराता हुआ चल रहा था। इसके पीछे 15 शाही बग्गियां, इंद्र का स्वरूप, दो ऐरावत हाथी, ढोल-नगाड़े और बैंड बाजों की धुन पर श्रद्धालु भक्ति भाव से चलते हुए भगवान ऋषभदेव के जयकारे लगा रहे थे। शोभायात्रा में सुसज्जित नवीन रथ पर शिवकांत जैन के साथ आराध्य, अनाकुल और अच्युतकांत विराजमान रहे, जबकि प्राचीन रथ पर प्रदीप जैन, राकेश जैन, अभिषेक जैन, मनोज जैन सहित अन्य श्रद्धालु सवार रहे। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। जैन समाज के लोगों ने बताया कि भगवान ऋषभदेव ने मानव जीवन को असि, मसि और कृषि का ज्ञान देकर सभ्यता की आधारशिला रखी थी, इसलिए उनका जन्मोत्सव समाज में विशेष श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है।


शोभायात्रा में नृत्य करती महिलाएं व अन्य। अमृत विचार

● **पार्श्वनाथ नगर भ्रमण के बाद दिगंबर जैन मंदिर पर हुई संपन्न**

# सीता प्रथम व नैन्सी रहीं द्वितीय

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार** । सर मदनलाल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग छठवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने 2026 की परीक्षा परिणाम में अपनी श्रेष्ठता बनाये रखी।

डायरेक्टर डॉ. उमाशंकर शर्मा ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में इस वर्ष भी पूर्व की तरह ही संस्थान का परिणाम 100 प्रतिशत रहा है । छठवें सेमेस्टर में छात्रा सीता यादव ने सर्वाधिक 85 प्रतिशत अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया वहीं नैन्सी कुमारी ने 79.45 प्रतिशत के साथ द्वितीय,सचिन कुमार ने 79.27 प्रतिशत के साथ तृतीय, अलका यादव ने 77 प्रतिशत के साथ चतुर्थ, ईशा ने 76 प्रतिशत के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सकरा वि0ख0 किशनी जनपद मैनपुरी**

पत्रांक –मनरेगा योजनांतर्गत **अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक– 12.03.2026

मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत सकरा वि0ख0 किशनी जनपद मैनपुरी को अवमुक्त अनुदान से निम्न कार्य कराए जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इन कार्यो को कराने हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्म आपूर्तिकर्ताओं में मुहरबंद लिफाफों में निविदाएँ दिनाँक 16.03.2026 को अपरान्ह दो बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन सायं तीन बजे निविदादाताओं तथा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदादाता दिनाँक 13.03.2026 से कार्यदिवस में कार्यालय में कार्यालय के सामने अंकित मूल्य पर निविदा प्रपत्र क्रय कर सकते हैं। निविदा के साथ धरोहर की धनराशि एफडीआर/एनएससी नगद के रूप में अधोहस्ताक्षरीय पद के नाम से बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम/प्रकार | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | सामग्री की मात्रा | निविदा का मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रघुवीर पाल के घर से रामसेवक के घर तक इ0ला0 | बी0ओ0 क्यू0 | 2% | बी0ओ0 क्यू0 | 200 | 2 माह |
| 2 | प्रीतमपाल के घर से सुरेश पाल के घर तक इ0ला0 | बी0ओ0 क्यू0 | 2% | बी0ओ0 क्यू0 | 200 | 2 माह |

निविदाओं की शर्त : 1. निविदा में प्रस्तुत दरो के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का भाड़ा मजदूरी, लोडिंग – अनलोडिंग चार्ज देय नही होगा। 2. निविदा स्वीकृत होने पर अनुमानित लागत की अवशेष दस प्रतिशत की धनराशि जमानत के रूप में जमा करनी होगी। 3. निविदा के साथ आयकर एवं जीएसटी पंजीकरण की छायाप्रति लगानी होगी। 4. दरो की वैधता अधिकतम तीन माह होगी। इसके लिए निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये का नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर साथ देना होगा। 5. आपूर्ति की गई सामग्री के बिल का भुगतान सामग्री की गुणवत्ता की पुष्टि मापांकन एवं आवश्यक कटौती करने के बाद किया जाएगा। 6. सशर्त निविदा स्वीकृत नही होगी। 7. किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र मैनपुरी न्यायालय होगा।

**रमा यादव – ग्राम प्रधान** **आलोक सिंह – पंचायत सचिव**


अफरा-तफरी

## एसडीएम ने जारी किए निर्देश, कहा इससे नहीं लगेगी एजेंसी में भीड़

# अब गैस एजेंसी में नहीं मिलेगा सिलेंडर, आएगा घर

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार** । अब गैस एजेंसियों पर सिलेंडर का वितरण नहीं होगा। वहां पर भीड़ बढ़ती देख प्रशासन ने नई व्यवस्था की है। अब गैस बुकिंग करने के दो दिन बाद गैस की डिलिवरी उपभोक्ता के घर पर की जाएगी।

इजराइल- ईरान के बीच जारी संघर्ष के बाद लोगों को गैस की चिंता सता रही है। लोगों को आशंका है कि युद्ध और बढ़ा तो रसोई गैस की आपूर्ति कभी भी बंद हो सकती है। जिसके चलते वह सिलेंडरों का स्टाक कर लेना चाहते हैं आलम यह है कि गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से ही भीड़ लगना शुरू हो जाती हैं और आपूर्ति आने पर वितरण के दौरान अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो जाता है। यह सब बवाल विगत कई दिनों से चल रहा था जिसका प्रशासन ने संज्ञान ले लिया है। गुरुवार को पूर्ति विभाग तथा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने वहां की स्थिति को देख गैस वितरण की नयी व्यवस्था लागू की है जो स्थिति सामान्य होने तक जारी रहेगी। एसडीएम के मुताबिक गैस एजेंसी पर सिलेंडरों का वितरण नहीं होगा बल्कि वह महज बुकिंग करा सकेंगे। जबकि गैस एजेंसी संचालक को दो दिनों में उपभोक्ता के घर पर गैस की आपूर्ति करनी ही होगी। एआरओ मनोज कुमार उत्तम के अनुसार उपभोक्ता अफवाह पर ध्यान न दें शासन के पास रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। पूर्ति निरीक्षक प्रफुल्ल मिश्रा के अनुसार गैस का वितरण नियमानुसार ही होगा इसके लिए एजेंसी धारक को हिदायत भी दी गई है अगर वितरण में गड़बड़ी की तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


गैस एजेंसी के बाहर लगी लोगों की लाइन। अमृत विचार

### व्यवसायिक इस्तेमाल के लिए नहीं मिलेगा गैस का सिलेंडर

■ जालौन। घरेलू उपभोक्ताओं को गैस की कमी न हो इसको लेकर प्रशासन ने होटलों को गैस आपूर्ति नहीं देने की बात कही है। फिलहाल कामर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति बन्द चल रही है और घरेलू गैस सिलेंडर वहां पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता हैं।


www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



**एल&टी फाइनान्स लिमिटेड**
(पहले एल&टी फाइनान्स होल्डिंग्स लिमिटेड के रूप में ज्ञात)
**पंजीकृत कार्यालय:** एल&टी फाइनान्स लिमिटेड, बृंदावन बिल्डिंग, प्लॉट नं. 177, कलीना, सीएसटी रोड, मर्सडीज़ शोरूम के पास, सांताक्रुज़ (पूर्व), मुंबई 400 098
**सीआईएन नं.:** L67120MH2008PLC181833
**शाखा कार्यालय:** उत्तर प्रदेश

L&T Finance

**सोना नीलामी की सूचना**

एतद्द्वारा सभी संबंधितों की जानकारी हेतु सूचित किया जाता है कि कंपनी की निम्नलिखित शाखाओं में संबंधित कर्ज संख्याओं के अंतर्गत गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों, जिनका मोचन कराया जाना बकाया था और जिन्हें कंपनी द्वारा बार–बार सूचना देने के बावजूद संबंधित ग्राहकों द्वारा अब तक नहीं चुकाया गया है, उनकी नीलामी कंपनी के संबंधित शाखा कार्यालयों में **सोमवार 23 मार्च 2026** को निम्नलिखित विवरणों के अनुसार की जाएगी:–

1. सहारनपुर शाखा – एल&टी फाइनान्स लिमिटेड, 2ए 1095, भीम राव अंबेडकर मार्ग, क्लॉक टॉवर के पास, मुख्य चौक, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश. पिन कोड – 247001. फ़ोन – 9875942895 कर्ज संख्या – 163210000006732 (समय सुबह 11:00 बजे).

कृपया ध्यान दें कि यदि किसी कारणवश नीलामी उपरोक्त दिनांक पर पूरी नहीं हो पाती है, तो यह बिना किसी पूर्व सूचना के **30 मार्च 2026** को उसी स्थान और समय पर आयोजित की जाएगी.

ध्यान दें: संबंधित ग्राहक नीलामी के दिनांक से पहले आभूषणों को मुक्त करवा सकते हैं.

ध्यान दें: एल&टी फाइनान्स प्रायवेट लिमिटेड के पास अपने विवेकाधीन, किसी भी कर्ज खाते के अंतर्गत किसी भी आभूषण को बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी सूची से हटाने का अधिकार है.

ध्यान दें: बोलीकर्ताओं से निवेदन है कि वे पहचान पत्र, पैन कार्ड और पंजीकृत डीलरों के मामले में टिन नंबर प्रस्तुत करें. सफल बोलीकर्ता से पूरी नीलामी की राशि तुरंत आरटीजीएस/किसी अन्य अनुमत माध्यम से कंपनी को हस्तांतरित करने का निवेदन किया जाता है.

हस्ता./–
**प्राधिकृत अधिकारी**
एल&टी फाइनान्स लिमिटेड के लिए

उपरोक्त सूचना के बारे में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया 1800 268 0000 पर या संबंधित शाखा से संपर्क करें.

**दिनांक:** 13.03.2026
**स्थान:** उत्तर प्रदेश

न्यूज ब्रीफ

### मां- बेटी को पीटने में तीन पर प्राथमिकी

**अयाना।** थाना क्षेत्र के रसूलपुर हुलासराय मुढ़ी निवासी पारुल शर्मा ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि रविवार दोपहर दो बजे के गांव के सुशील सिंह दोहरे, उनकी पत्नी गुड्डी व बेटा करन सिंह गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। शोर सुन मौके पर आई बेटी अवंतिका के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। थानाध्यक्ष जयप्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रेन से कटकर युवक की थम गईं सांसें

**दिबियापुर, औरैया।** मंगलवार देर शाम स्थानीय फफूंद रेलवे स्टेशन के पास एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की शिनाख्त सोनू यादव (27) पुत्र देव सिंह निवासी कुशल पुरवा थाना दिबियापुर के रूप में हुई है। हादसे के बाद सूचना परिजनों को भेजी गई।

### नहर में डूबा ससुराल आया युवक, नहीं लगा कोई सुराग

**कानपुर देहात:** रसूलाबाद थाना क्षेत्र के गड़रियन पुरवा मजरा हीकेपुर स्थित अपनी ससुराल आया 30 वर्षीय युवक लाला भगत के निकट निचली राम गंगा नहर में नहाते समय डूब गया। वह तैरना नहीं जानता था और ससुराल में जवारे चढ़ाने के लिए परिजनों के साथ देवी मंदिर लाला भगत आया था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस व तहसील प्रशासन को दी है। इस पर नायब तहसीलदार, क्षेत्रीय लेखपाल पुलिस बल सहित मौके पर पहुंच गए और उसकी तलाश में जाल डलवाया गया है। मौके पर पहुंचे लेखपाल रावेन्द्र कुमार ने बताया कि गड़रियन पुरवा मजरा हीकेपुर निवासी रामकिशन का दामाद दिनकरपुर थाना शिवराजपुर निवासी सतीश 30 पुत्र किशन लाल ससुराल में जवारे चढ़ाने के कार्यक्रम में आया था। ससुरालीजन जवारे चढ़ाने लाला भगत स्थित कौमारी देवी मंदिर आए थे। रामकिशन का दामाद सुशील तैरना नहीं जानता था लेकिन लड़कों के साथ सतीश नहर में कूद गया और डूब गया इस पर परिवार में कोहराम मच गया है।

### रजबहे की पटरी फटने से सैकड़ों बीघे फसल जलमग्न

**कानपुर देहात:** मद्दूपुल रजबहा की पटरी फटने से किसानों की सैकड़ो बीघे गेहूं की फसले जलमग्न हो गइ। इसे लेकर किसानों में हाहाकार की स्थिति है। क्षेत्रीय किसानों ने इसकी सूचना नहर विभाग के अधिशासी अभियंता को दी है। उन्होंने पानी ऊपर से बंद तो करा दिया है किंतु अभी पटरी बांधे जाने की काम शुरू नहीं हुआ है। मद्दूपुल रजबहा का यह स्थान काफी गहराई पर पड़ता है और अनेकों बार इसी स्थान पर पटरी फट चुकी है। किसानों का अनेकों बार नुकसान होने के बावजूद विभाग ने अभी तक कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए हैं। जिससे किसानों में असंतोष है। पटरी फटने से पीड़ित विजय मिश्रा, रामनाथ शुक्ला, हरिओम शुक्ला, पंकज बाबू, संदीप कुमार, अफजल खान, बालकृष्ण, धीरज मिश्रा आदि अनेक किसानों ने बताया कि मद्दूपुल रजबहा की पटरी इस स्थान पर अनेकों बार फट चुकी है।

# केंद्र व्यवस्थापक सुचितापूर्ण परीक्षा संपन्न कराएं : डीएम

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने उत्तर प्रदेश उप निरीक्षक पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा हेतु जनपद में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर परीक्षा हेतु किए गए प्रबंधों व परीक्षार्थियों के लिए उपलब्ध कराए जाने वाली सुविधाओं को परखा व संबंधित केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अधिकारियों द्वारा दिबियापुर स्थित विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय, वैदिक टेक्निकल एवं औद्योगिक इंटर कॉलेज, अजीतमल स्थित श्री जनता इंटर कॉलेज तथा मुरादगंज स्थित जिला पंचायत इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया।

केंद्र व्यवस्थापकों व सह केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्र में बनाए गए कंट्रोल रूम में स्थापित टीवी पर शासन द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरे व केंद्र द्वारा कक्षों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का फीडबैक दिखता रहे तथा शासन द्वारा स्थापित सीसीटीवी कैमरों का फीडबैक परीक्षा केंद्र में स्थापित कंट्रोल रूम के अतिरिक्त शासन स्तर पर भी देखा जाएगा। अतः किसी भी प्रकार की अनैतिक


निरीक्षण के दौरान निर्देश देते डीएम। अमृत विचार

या परीक्षा की सुचिता को भंग करने वाली कोई भी गतिविधि परीक्षा केंद्र परिसर में न होने दें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों के लिए क्लॉक रूम की स्थापना भी कराई जाए जहां परीक्षार्थी अपने सामान को रखकर परीक्षा के उपरांत प्राप्त कर सके।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों को स्वच्छ व शीतल पेयजल के साथ-साथ शौचालय आदि की भी व्यवस्था परीक्षार्थियों की संख्या के आधार पर करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने परीक्षा कक्षों का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि कक्षों में समुचित प्रकाश व्यवस्था आदि का प्रबंध किया जाए और प्रत्येक कक्ष में एक दीवाल घड़ी भी लगाई जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्र में परीक्षा से संबंधित अधिकारी व कर्मचारी ही परीक्षा के दिन प्रवेश करें अन्य किसी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित रहेगा तथा सभी कर्मचारी व अधिकारियों को निर्दिष्ट कार्यों के अनुसार पहचान पत्र भी वितरित किये जाए जिसे उन्हें परीक्षा केंद्र के दिन धारण करना होगा। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक व सह केंद्र व्यवस्थापक को यह भी निर्देश दिए कि परीक्षा तिथि से पूर्व सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट के सानिध्य में कक्ष निरीक्षकों के साथ बैठक आहुत कर परीक्षा के दिन व परीक्षा के दौरान की जाने वाली कार्यवाहियों की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें प्रशिक्षित किया जाए जिससे उस दिन किसी भी प्रकार की असमंजस की स्थिति न रहे।निरीक्षण के दौरान संबंधित परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक, सह केन्द्र व्यवस्थापक सहित कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर महिला के साथ छेड़खानी

संवाददाता, औरैया

- विरोध करने पर की मारपीट जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंहर में एक दबंग ने घर में घुसकर महिला के साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। वीरता ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

क्षेत्र के ग्राम पंहर निवासी अनीता देवी पत्नी घनश्याम बाथम ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया है कि बुधवार की रात वह अपने घर में थी। तभी गांव के अरविंद पुत्र रामशंकर घर में पहुंच आए और छेड़खानी करने लगे। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उससे मारपीट कर घायल कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। वीरता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसके मोबाइल कवर में रखे रुपये भी छीन लिए। उसके चीखने की आवाज सुनकर आस-पास के लोग एकत्रित हो गए। लोगों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। कोतवाली निरीक्षक राजकुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध गैस गोदाम का भंडाफोड़,तेजाब केमिकल और सिलेंडर बरामद किए

## जैतापुर गांव के एक रिहायशी मकान पर की गई कार्रवाई, जांच में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**10** भरे गैस सिलेंडर मौके से किए बरामद

**19** खाली सिलेंडर मौके पर रखे मिले

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने गुरुवार सुबह गांव जैतापुर में अवैध रूप से संचालित गैस गोदाम का भंडाफोड़ किया। मुखबिर की सूचना पर की गई छापेमारी में बड़ी मात्रा में गैस सिलेंडर, तेजाब और संदिग्ध केमिकल बरामद हुआ, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

कार्रवाई के दौरान सीओ सिटी अशोक कुमार सिंह, सदर कोतवाल राजकुमार सिंह, तहसीलदार प्रकाश चौधरी और जिला पूर्ति विभाग (डीएसओ) की टीम ने जैतापुर स्थित एक मकान पर छापा मारा। टीम जब घर के अंदर पहुंची तो रिहायशी इलाके के बीचो-बीच भारी मात्रा में गैस सिलेंडर और अन्य सामग्री देख अधिकारी भी हैरान रह गए। प्रारंभिक जांच में पता चला


जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार


मौके से बरामद सिलेंडर।

कि मौके से 19 खाली सिलेंडर अवैध रीफिलिंग के लिए रखे गए थे, जबकि 10 भरे हुए सिलेंडर कालाबाजारी के लिए ऊंचे दामों पर बेचने की तैयारी में थे। इसके अलावा पुलिस ने 176 यूनिट तेजाब और संदिग्ध केमिकल भी बरामद किए हैं। सीओ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि यह अवैध भंडारण जैतापुर निवासी श्रवण कुमार के पुत्र शिवम कुमार के मकान में किया जा रहा था। शिवम कुमार एक इंडियन गैस एजेंसी में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत बताया जा रहा है। सदर कोतवाल राजकुमार सिंह के अनुसार मामले की जांच जारी है और बरामद सिलेंडरों के वैध कनेक्शन समेत अन्य दस्तावेजों की पड़ताल की जा रही है।अधिकारियों का कहना है कि अवैध रिफिलिंग और गैस कालाबाजारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# खड़े ऑटो में पीछे से ऑटो ने मारी टक्कर

रुरुगंज, औरैया।

- तेज टक्कर से खड़ा ऑटो गड्ढे में जाकर पलटा, कोई घायल नहीं

**अमृत विचार।** बिधूना कोतवाली क्षेत्र की रुरुगंज पुलिस चौकी के अंतर्गत बिधूना-अछल्दा मार्ग पर स्थित पीएचसी रुरुगंज के पास सड़क किनारे खड़े एक ऑटो में पीछे से आ रहे दूसरे ऑटो ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि खड़ा ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने गड्ढे में जा गिरा। घटना के बाद कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार आकाश पुत्र कन्हैयालाल निवासी पूर्वा मूले, थाना बिधूना का ऑटो पीएचसी रुरुगंज के पास सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे ऑटो चालक गौतम पुत्र राजेंद्रम कुमार निवासी जुगराजपुर, थाना बिधूना ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसके ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से आकाश का ऑटो सड़क किनारे बने गड्ढे में जा गिरा और क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रुरुगंज चौकी


गड्ढे में पलटा पड़ा ऑटो। अमृत विचार

पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने गड्ढे में गिरे ऑटो को बाहर निकलवाया। पुलिस दोनों पक्षों को रुरुगंज पुलिस चौकी लेकर आई जिसके बाद दोनों पक्षों ने बातचीत कर मामले को आपसी समझौते से निपटा दिया। रुरुगंज पुलिस चौकी प्रभारी इंचार्ज मानसिंह ने बताया कि टक्कर मारने वाला चालक आकाश के ऑटो की मरम्मत करने की बात कहीं है। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

### आईजीआरएस में जिले का पुलिस महकमा अव्वल

**औरैया।** पुलिस ने आईजीआरएस में लगातार तीसरी बार प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। पुलिस ने समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली के अंतर्गत जनशिकायतों के निस्तारण में लगातार तीसरी बार उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि फरवरी 2026 की प्रदेश रैंकिंग में दर्ज की गई है।

पुलिस अधीक्षक, जनपद औरैया के कुशल निर्देशन में मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के मूल्यांकन में औरैया ने प्रदेश के सभी 75 जिलों में शीर्ष स्थान हासिल किया। साथ ही, जनपद के आठ थानों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन सभी थानों को शत-प्रतिशत कार्यवाही के लिए थाना रैंकिंग में प्रथम स्थान मिला है। औरैया पुलिस ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, ऑनलाइन प्राप्त शिकायतों, समाधान दिवस तथा उच्चाधिकारियों के माध्यम से प्राप्त सभी शिकायतों का त्वरित, निस्तारण सुनिश्चित किया है।

# विधवा और उसकी बहन से मारपीट, वीडियो वायरल

**औरैया।** सदर कोतवाली क्षेत्र में घरेलू हिंसा का एक मामला सामने आया है, जहां ससुराल पक्ष के लोगों ने विधवा महिला और उसकी छोटी बहन के साथ मारपीट की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, आकांक्षा तिवारी का विवाह 3 मई 2023 को शिवकुमार तिवारी के साथ हुआ था। दंपति की 16 महीने की एक बेटी श्रेया है। बीते 28 अगस्त 2025 को पति शिवकुमार की मृत्यु हो गई थी। आरोप है कि पति की मौत के बाद से ही ससुर महेंद्र बाबू तिवारी और ननदें सोनी व रुचि आकांक्षा पर घर छोड़ने का दबाव बना रहे थे।

पीड़िता के अनुसार, इस दौरान कई बार उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट भी की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने पहले भी डायल 112 पर शिकायत की थी, जिस पर पुलिस ने समझौता करा दिया था। बताया गया कि 8 मार्च 2026 को दोपहर करीब 12 बजे ससुर महेंद्र बाबू ने आकांक्षा और उनकी बहन प्रतिक्षा (जो कुछ समय से उनके साथ रह रही थीं) को गाली देते हुए घर से निकलने के लिए कहा। विरोध करने पर ससुर और ननदों ने दोनों बहनों के साथ घर के अंदर और बाहर मारपीट कर दी। घटना के दौरान प्रतिक्षा ने मोबाइल फोन से मारपीट का कुछ हिस्सा रिकॉर्ड कर लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें ससुर और ननदें महिलाओं के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। मारपीट में आकांक्षा को चोटें भी आई हैं। पीड़िता के पिता मनोज कुमार और बहन प्रतिक्षा ने बताया कि करीब एक माह पहले आकांक्षा ने मायके वालों को अपनी स्थिति बताई थी, जिसके बाद प्रतिक्षा उनके साथ रहने के लिए आई थी। मामले में पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है।

# श्रीमद् भागवत में कृष्ण जन्म की कथा सुनने को उमड़ा जन सैलाब

संवाददाता, फफूंद

**अमृत विचार।** कस्बा के महावीरजी धाम में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा श्रवण करने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पधार कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

कथा व्यास पंडित आचार्य सत्य किशोर पांडे द्वारा कथा सुनाई जा रही है। गुरुवार को भगवान श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाई गई। इस दौरान उन्होंने कहा, श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाती है। मनुष्य को जीवन परमात्मा ने दिया है, लेकिन जीवन जीने की कला हमें सत्संग से प्राप्त होती है। सत्संग का मनुष्य के जीवन में बड़ा महत्व है। कथा व्यास ने कथा का वाचन करते हुए कहा कि भगवान भक्तों के वश में हैं। भगवान हमेशा अपने भक्तों का ध्यान रखते हैं। उन्होंने कहा कि जब जब धरती पर पाप अत्याचार बढ़ता है, तब तब भगवान श्रीहरि धरा पर किसी न


कथा सुनाते आचार्य। अमृत विचार

किसी रूप में अवतार लेकर भक्तों के संकट को हरते हैं। उन्होंने कहा कि जब कंस के पापों का घड़ा भर गया तब भगवान श्री कृष्ण ने जन्म लेकर कंस का अंत किया। लोगों को पापी राजा से मुक्ति दिलाई। कथा के दौरान कथा व्यास ने अनेक भक्तिपूर्ण भजन प्रस्तुत किए। जिनमें नंद घर जन्में कन्हैया कान्हा अब तो ले लो अवतार बृज में तो नंद भवन में जाऊंगी, यशोदा जायो ललना, श्याम तेरी वंशी पुकारे राधा राम भजनों को सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो थिरकने को मजबूर हो गए। इस दौरान कथा व्यास ने कहा कि आज व्यक्ति मोह माया के चक्कर में फंसकर अनीति पूर्ण तरीके से पैसा कमाने में जुटा है। जिसका परिणाम अंततः उसे भोगना पड़ता है। मानव की तरह नहीं जी रहा है। श्रीमद् भागवत जीवन जीने और मरने की कलां सिखाती है। उन्होंने बताया कि कलयुग में दुख के तीन कारण हैं, समय, कर्म और स्वभाव। उन्होंने कहा कि स्वभाव से जो दुखी है वो कभी सुखी नहीं हो सकता। जिस घर में अनीति से धन कमाया जाता है उस परिवार में कभी एकता नहीं रहती। वहां हमेशा बैर बना रहता है। कृष्ण जन्म की खुशी में कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर माखन मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया तथा भक्तों ने नाच कूदकर नंदोत्सव मनाया। इस मौके पर परीक्षित सुरेंद्र कुमार तिवारी पत्नी रमाकांति तिवारी, एवं समस्त सनातन प्रेमी व धर्मावलंबी क्षेत्रवासी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।


नवनियुक्त भाजपा पदाधिकारियों का किया गया स्वागत। अमृत विचार

# पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

**फफूंद (औरैया)।** नगर के मोहल्ला गोविंदगंज स्थित भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेम कुमार गुप्ता के निवास पर गुरुवार को नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत समारोह किया गया।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कृषि राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत मुख्य अतिथि थे। कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया। समारोह के दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रेम कुमार गुप्ता एवं वरिष्ठ समाजसेवी मानवेंद्र पोरवाल (बब्बू दादा) ने अतिथियों की अगवानी की। कार्यक्रम में नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष कुलदीप दुबे एवं जिला प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद अग्निहोत्री (रानू) का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रेम गुप्ता और मानवेंद्र पोरवाल ने संयुक्त रूप से अतिथियों को स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस अवसर पर संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. भगवती दुबे, प्रमोद नारायण तिवारी, विष्णु शुक्ला, समाजसेवी मानवेंद्र पोरवाल (बब्बू दादा), बृजपाल सिंह, सोनू गुप्ता, गोपाल कृष्ण मिश्रा मीडिया प्रभारी, जसवंत सिंह कुशवाहा और श्यामू पंडित सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम

बेहतर स्कूल व प्रबंधन पर उन्मुखीकरण कार्यशाला

# प्रधानों व प्रधानाध्यापकों में आपसी समन्वय जरूरी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** भाग्यनगर ब्लाक के परिषदीय स्कूलों के प्रधानाध्याकों, अधिकारियों व प्रधानों की एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला दिबियापुर में हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेयरमैन दिबियापुर राघव मिश्रा थे। उन्होंने प्रधानाध्यापकों एवं ग्राम प्रधानों की आपसी सहभागिता एवं सहयोग से स्कूलों में कायाकल्प एवं शैक्षणिक व्यवस्था बेहतर बनाने हेतु चर्चा की। निपुण भारत अभियान, डीबीटी, बालिका शिक्षा आदि उद्देश्यों की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में परिषदीय स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत हुए।

गुरुवार को हुए कार्यक्रम का शुभारंभ दिबियापुर चैयरमैन



कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं प्रधानध्यापक। अमृत विचार

राघव मिश्रा व बीईओ भाग्यनगर दाताराम द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन व विभिन्न ग्राम प्रधानों और एसएमसी अध्यक्षों का स्वागत किया गया। चेयरमैन व ग्राम प्रधानों ने बीईओ दाताराम का स्वागत किया। चेयरमैन राघव मिश्रा ने कहा कि वर्तमान सरकार ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों की दशा अच्छी करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। नगर पंचायत दिबियापुर द्वारा नगर के परिषदीय स्कूलों के कायाकल्प का कार्य पूरी तरह किया गया। उन्होंने कहा कि यदि हम भी प्राइवेट स्कूलों की तरह प्रोडक्ट के साथ पैकेजिंग पर भी ध्यान दें तो स्कूलों की स्थिति हाईटेक हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बीईओ की सजगता से ब्लाक भाग्यनगर के विद्यालयों की दशा बहुत हद तक सुधर गयी है।

बीईओ दाताराम ने बताया कि विद्यालय संवर्धन में जनप्रतिनिधियों व प्रधानों का योगदान बहुत आवश्यक है। विद्यालय कायाकल्प के 19 पैरामीटर्स बहुत महत्वपूर्ण हैं। इन पैरामीटर में कुछ तो विद्यालय के कंपोजिट ग्रांट से और बाकी प्रधानों के सहयोग से ही संतृप्त और क्रियाशील किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावकों को डीबीटी धनराशि सदुपयोग कराने हेतु स्थानीय प्राधिकारियों, प्रधान के सहयोग की भी आवश्यकता है। उन्होंने निपुण भारत अभियान, बालिकाओं, दिव्यांग बच्चे और आउट ऑफ स्कूल बच्चों को विद्यालय लाने व विद्यालय पठन पाठन को बेहतर करने हेतु सबसे सहयोग का अनुरोध किया। एआरपी विपिन बाजपेयी ने डीबीटी धनराशि के सदुपयोग के विषय में बताया। एआरपी देवेन्द्र राजपूत ने निपुण भारत अभियान व कायाकल्प पर चर्चा की।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल बच्चों को बीईओ व चेयरमैन द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव, ब्लाक अध्यक्ष कमलेश चौबे, विनोद पांडे,कृष्ण कुमार, मुहीत सिद्दीकी, मुर्शिद, सौरभ गुप्ता, अतुल कुमार, सुबोध कुमार, ग्राम प्रधान सुदेश राजपूत, अशोक यादव, उमेश चंद्र, मनोरमा, ममता यादव, विनय चंद, महाराज सिंह व राकेश आदि,एसएमसी अध्यक्ष व समस्त प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।


सुंदर कांड पाठ करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# श्रद्धालुओं ने किया सुंदरकांड

संवाददाता, फफूंद

**अमृत विचार।** कस्बा में हिन्दू युवा मोर्चा संघ द्वारा अठारहवां सुंदर काण्ड पाठ आयोजन किया गया। यह आयोजन कमलेश राठोर के आवास गोविंदगंज फफूंद के आवास प्रांगण में सम्पन्न हुआ सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन हिन्दू युवा मोर्चा संघ परिवार में शामिल होने के उपलक्ष्य सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। यह पाठ 11बजे भजन कीर्तन के साथ सुन्दर काण्ड पाठ से प्रारंभ होकर 2 बजे तक चलता रहा। इस अवसर पर हिन्दू युवा मोर्चा संघ संरक्षक ह्रदेश पांडेय अनिल कुशवाहा , विनोद तिवारी,विनोद कोस्टा प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण मिश्रा, प्रदेश संगठन महामंत्री गौरव श्रीवास्तव , कमलेश राठौर सुनील कुमार, शोले राठौर ,रामदास रावत,अखलेश ,निखिल शुक्ला, हिमांशु कुमार प्रिन्स राठौर मानसी राठोर, साक्षी राठौर, शालनी, सुषमा, पूनम, सीमा देवी, बीना, शाशी देवी, ज्योति देवी रेखा देवी, मिथलेश कुमारी, कुमकुम राठौर, शोभित आदि रहे।

### बच्चे सीखेंगे अक्षर ज्ञान, गिनती, आकार से करेंगे पहचान

**औरैया।** बीआरसी भाग्यनगर पर गुरुवार को एक दिवसीय वंडर बॉक्स जनपद स्तरीय कार्यशाला हुई। जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. अनुजा सेंगर, अतिथि संदर्भदाता योगेश पाल एवं अमित पाल ने वंडर बॉक्स में उपलब्ध 26 प्रकार की टीएलएम का प्रदर्शन किया। बताया कि ये सामग्री बच्चों के चहुमुखी विकास में अत्यंत सहायक हैं। उन्होंने स्टोरी कार्ड, कठपुतली, बीड्स स्ट्रिंग, शेप सॉर्टर, स्मेल जार, टेक्सचर मैट, नंबर रॉड, कलर पैड, फील बैग तथा साउंड बॉक्स जैसी सामग्रियों को बाल वाटिका की 'नीली किताब' से जोड़ते हुए उनके वैज्ञानिक उपयोग की विधि समझाई। प्रदर्शन के दौरान सभी एआरपी ने इन गतिविधियों को अपने-अपने ब्लॉकों में प्रशिक्षण केंद्रों व कक्षाओं में लागू करने का संकल्प लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध प्लॉटिंग पर भू स्वामियों को नोटिस

**मौदहा।** तहसील क्षेत्र के मुस्करा और महोबा रोड स्थित मौजा मौदहा, रगौल व फत्तेपुर में अवैध रूप से की जा रही प्लॉटिंग पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। गुरुवार को अपर मुख्य अधिकारी उज्जवल अब्रेश और उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह ने संयुक्त निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि कृषि भूमि को अकृषक घोषित कराए बिना और जिला पंचायत से मानचित्र स्वीकृत कराए बगैर ही अवैध रूप से प्लॉट बेचे जा रहे थे। मौके पर सड़कें भी मानकों के अनुरूप नहीं मिलीं। राज्य सरकार को आर्थिक क्षति पहुंचाने और अनियंत्रित विकास को बढ़ावा देने के आरोप में जिला पंचायत ने संबंधित भूस्वामियों और एग्रीमेंट कर्ताओं को नोटिस जारी किया है।

### मामूली विवाद में पिता पुत्रों ने युवक को पीटा

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के छिरावल सरसेड़ा मार्ग पर मामूली विवाद के चलते एक युवक को कुछ लोगों ने जमकर पीटा। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। छिरावल गांव निवासी गिरजा रानी पत्नी चुन्नूलाल ने बताया कि उसके पुत्र मनमोहन से बहगांव निवासी एक युवक ने अपने पुत्रों के साथ बिना किसी कारण के गाली गलौज करना शुरू कर दिया। बताया कि जब मनमोहन ने इसका विरोध किया तो पिता और दो पुत्रों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। मारपीट के बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद मां गिरजा रानी ने कोतवाली पहुंच तहरीर दी। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### युवती के आत्महत्या में युवक के विरुद्ध रिपोर्ट

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के सरसेड़ा माफ गांव निवासी करन पुत्र राधेलाल ने बताया कि बीते 6 मार्च को उसकी पुत्री निशा ने जहरीले पदार्थ खा लिया था। पुत्री की हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया था। रास्ते में ही उसकी पुत्री निशा की मौत हो गई थी। बताया कि बीते करीब 1 वर्ष पूर्व उसने जरिया थाना क्षेत्र के धगवां गांव निवासी अमरजीत पाल के साथ उसने अपनी पुत्री निशा का विवाह तय किया था। बताया कि आरोपी युवक अमरजीत पाल शराब पीकर उसकी पुत्री को आत्महत्या के लिए प्रेरित करता था। बताया कि अमरजीत पाल के द्वारा किए गए दुष्प्रेरण से ही उसकी पुत्री निशा ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या की है। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### पति पर दूसरी शादी करने का आरोप

**राठ।** कस्बे के फरसौलियाना डुमरियापुरा निवासी रितु ने बताया कि उसके पति ने तथ्य छिपा कर एवं अपनी हैसियत की झूठी जानकारी देकर एवं उसके माता पिता को बहला फुसलाकर बीते साल उससे शादी की थी। शादी के बाद जब वह अपने पति के साथ रहने लगी तो उसे सच्चाई का पता चला। आरोप लगाया कि उसके पति ने कूटरचित तरीके एवं झूठी जानकारी देकर शादी करने का जब उसने विरोध किया तो उसके पति ने उसके साथ गाली गलौज और मारपीट शुरू करते हुए उसका उत्पीड़न करना चालू कर दिया। आरोप लगाए कि उसका पति आए दिन उसके साथ मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने लगा। बताया कि दहेज का पूरा सामान भी बेंच डाला और उसके जेवरात भी छीन लिए। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया जांच कर कार्रवाई की जा जायेगी।

### चार अपराधियों को किया जिला बदर

**हमीरपुर।** जिले के तीन अलग अलग थाना क्षेत्रों के चार अपराधियों पर जिला बदर की कार्यवाही की गई है। चारों अपराधी छह माह तक जिले की सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही व प्रभावी पैरवी को न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक) रिजवाना शाहिद ने सदर कोतवाली के केसरिया का डेरा निवासी पप्पू, थाना जरिया के ग्राम बरगवां निवासी दीपक राजपूत व थाना जलालपुर के ग्राम कुपरा निवासी हनुमान मिश्रा तथा थाना जलालपुर के ग्राम पुरैनी निवासी छोटू उर्फ अंकित को जनपद की सीमा से 06 माह के लिए निष्कासित व जिला बदर किया है। उन्होंने पारित आदेश में आदेशित किया है कि जिला बदर की अवधि में निष्कासित व जिला बदर अपराधी अपने साथ किसी प्रकार का शस्त्र व आग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेंगे एवं 06 माह की अवधि तक जनपद की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे। जिस स्थान पर निवास करेंगे उसकी सूचना न्यायालय एवं स्थानीय पुलिस को भी देंगे।

# महिलाओं ने रसोई छोड़ गैस सिलेंडर लेकर लगाई कतार

**पेट की चिंता**

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- सुबह से खाली सिलेंडर के साथ गैस एजेंसी में एकत्र हुई भीड़
- अफवाहों के बीच घंटों कतार में सिलेंडर संग खड़े रहे उपभोक्ता


गैस सिलेंडर लेने के लिए लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार


उपभोक्ताओं को समझाते एसडीएम करनवीर सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से रसोई गैस की भारी किल्लत और आपूर्ति ठप होने की अफवाहों ने आम जनता की नींद उड़ा दी है। गुरुवार सुबह से ही गैस एजेंसी और निर्धारित वितरण केंद्रों पर भारी संख्या में महिला-पुरुष अपने खाली सिलेंडर लेकर जमा हो गए। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि मौके पर उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह को पहुंचकर लोगों को समझाना पड़ा।

वितरण केंद्र पर मौजूद काम्हरिया निवासी मोहम्मद सफ़ात, जय देवी, तबारत अली, बद्रुनिशा और जमुना प्रसाद ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि वे पिछले तीन दिनों से सिलेंडर के लिए भटक रहे हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। वहीं डॉ. रतन किशोर निवासी पश्चिमी तरौस ने बताया कि कल भी गाड़ी नहीं आई थी और आज भी सुबह से लोग भूखे-प्यासे बैठे हैं। गैस न मिलने के कारण लोग अब लकड़ी और कंडे पर खाना बनाने को मजबूर हैं।

घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ व्यापारियों की मुसीबतें भी कम नहीं हैं। मराठीपुरा के रहने वाले हिमांशु धुरिया ने बताया कि दोपहर 12 बजे तक भी गैस की गाड़ी नहीं पहुंची थी। वर्तमान में शादियों का सीजन होने के कारण जिन घरों में मांगलिक कार्यक्रम हैं, वहां कामर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिलने से बहुत बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। व्यापारियों का कहना है कि गैस सिलेंडर के अभाव में उनके कामकाज ठप होने की कगार पर हैं।

गैस एजेंसी संचालक राजेंद्र मधुपिया ने बताया कि ऊपर से ही एक सप्ताह से कमर्शियल गैस की आपूर्ति बंद कर दी गई है। पहले गैस रिफिल मिलने में 15 दिन लगते थे, जो अब बढ़कर 25 दिन हो गए हैं। एजेंसी में बुधवार से गुरुवार दोपहर 12 बजे तक 1240 लोगों की बुकिंग हो चुकी थी, जबकि एक ट्रक में केवल 504 सिलेंडर ही आते हैं। मोबाइल नंबर अपडेट न होने के कारण भी कई लोगों को बुकिंग में तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**अफवाहों पर न दें ध्यान: एसडीएम**

- देर से गैस आने की सूचना पर मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी करनवीर सिंह ने भीड़ को शांत कराते हुए स्पष्ट किया कि क्षेत्र में गैस की कोई स्थाई किल्लत नहीं है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और धैर्य रखें। जिला प्रशासन सुनिश्चित करेगा कि सभी पंजीकृत उपभोक्ताओं को जरूरत पर पर्याप्त गैस मिले।

### अलविदा जुमा की नमाज आज होगी

**मौदहा।** रमजान के अंतिम शुक्रवार यानी अलविदा जुमा की नमाज आज तीन दर्जन से अधिक मस्जिदों में अदा की जाएगी। इसको लेकर मस्जिदों में सफाई और पुताई का काम लगभग पूरा हो चुका है।

रमजान के महीने में वैसे तो हर दिन का विशेष महत्व है, लेकिन रमजान के आखिरी जुमा यानी अलविदा को विशेष तरजीह दी जाती है। आज 23वें रमजान को अलविदा जुमा की नमाज़ तीन दर्जन से अधिक मस्जिदों में अदा की जाएगी। जामा मस्जिद चौधराना के खतीबुल इमाम मौलाना अताउर्रहमान कादरी ने बताया कि 23वें रमजान को अलविदा जुमा मनाया जाएगा, लेकिन अगर 29 रमजान की शाम चांद नजर नहीं आया या कहीं आसपास से दीदार-ए-चांद की तस्दीक नहीं हुई तो इंशाअल्लाह 30वें रमजान को भी अलविदा की नमाज़ अदा की जाएगी।

# तालाब में लगाई छलांग, बच्ची की मौत, मां की हालत नाजुक

**मुस्करा क्षेत्र के हुसैना गांव में पति की प्रताड़ना से आहत होकर महिला ने उठाया कदम**

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


मुस्करा सीएचसी में महिला से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुस्करा थाना क्षेत्र के हुसैना गांव में पति व ससुरालीजनों की आए दिन की मारपीट से क्षुब्ध होकर महिला ने चार वर्षीय मासूम बच्ची के साथ गांव के तालाब में छलांग लगा दी। ग्रामीणों ने महिला व बच्ची को बाहर निकाला और उन्हें मुस्करा सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। वहीं महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मुस्करा थाना क्षेत्र के हुसैना गांव में बीती रात हुई मारपीट से क्षुब्ध होकर गुरुवार की सुबह गांव निवासी भगत सिंह यादव की पत्नी शोभा यादव (32) अपनी मासूम चार वर्षीय बच्ची नीशू को गोद में लेकर गांव के ही तालाब में कूद गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों को मिली तो भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और कड़ी मशक्कत कर महिला व बच्ची को तालाब से बाहर निकाला। साथ ही घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मां बेटी को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। सीएचसी में ड्यूटी में तैनात तैनात डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। जबकि महिला का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। शोभा ने बताया कि ससुरालीजनों द्वारा आए दिन प्रताड़ित करने के साथ मारपीट करते है। बताया कि शादी के बाद से ही लगातार उसका पति और ससुरालीजन उसे शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना दे रहे हैं। जिसके चलते मारपीट से क्षुब्ध होकर बच्ची के साथ घटना को अंजाम दिया। मुस्करा थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# क्लीनिक संचालक ने सन्नाटे भरी रात में घर में फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- मौदहा कोतवाली क्षेत्र के छिमौली गांव में घटना के बाद कोहराम
- आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं पत्नी और मासूम बच्चे बेहाल


छिमौली गांव में युवक के घर के बाहर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिमौली में बुधवार की देर रात एक व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। युवक गांव में ही एक छोटी सी क्लीनिक चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। इस हृदय विदारक घटना से परिजनों में चीख-पुकार मची हुई है।

क्षेत्र के छिमौली निवासी कुलदीप उर्फ दीपू (45) पुत्र सुभाष चंद्र विश्वकर्मा ने बुधवार रात अज्ञात कारणों के चलते घर के अंदर फांसी लगा ली। जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई, तो आनन-फानन में पड़ोसियों की मदद से उसे फंदे से नीचे उतारा गया। परिजन उसे गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा लेकर पहुंचे। वहां मौजूद चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत कुलदीप को मृत घोषित कर दिया।

मौत की खबर सुनते ही अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीण नीलू निषाद ने बताया कि कुलदीप स्वभाव से मिलनसार था और गांव में ही क्लीनिक चलाता था। वह अपने पीछे पत्नी उर्मिला और दो मासूम बच्चों को छोड़ गया है। घर के कमाऊ सदस्य की इस तरह अचानक मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है। फिलहाल आत्महत्या के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।


कार्यक्रम को संबोधित करते संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन। अमृत विचार

## भगवान दास माहौर को श्रद्धांजलि

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि भगवान दास माहौर एक बेमिसाल देशभक्त थे। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

इनका दतिया के बड़ौनी गांव में 27 फरवरी 1910 को तुलसीदास और नन्नी बाई के घर जन्म हुआ था। इन्होंने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा पूरी की। ये किशोर काल से देशप्रेमी हो गये थे। इनका चन्द्रशेखर आज़ाद से परिचय हुआ तो ये पूरी तरह राष्ट्रवादी हो गये। इन्हें भुसावल केस और भारत छोड़ो आंदोलन में योगदान के लिये 14-15 वर्ष तक जेल में रहना पड़ा। आजादी के बाद ये बुन्देलखण्ड कॉलेज झांसी में हिन्दी विभाग में प्राध्यापक रहे। कालांतर में ये लखनऊ में 1979 में आजाद की प्रतिमा का अनावरण कर रहे थे, तभी इनका 12 मार्च 1979 को निधन हो गया। यहां अशोक अवस्थी, प्रेम, सागर, महावीर प्रजापति, रामनारायण सोनकर, विकास, पंकज सिंह, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## आपदा मित्रों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


एसडीएम को ज्ञापन देते आपदा मित्र एसोसिएशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

- मानदेय सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** आपदा मित्र एसोसिएशन ने विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री से संबोधित सात सूत्री मांग पत्र एडीएम को सौंपा है।

आपदा मित्र एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष ऋषभ देव यादव के नेतृत्व में दिए मांग पत्र में बताया कि वर्ष 2018 से उत्तर प्रदेश सरकार एवं राहत आयुक्त के सभी निर्देशों व आदर्शों का पालन करते हुए उन्होंने कोरोना काल, छठ पूजा, माघ मेला, सावन मेला, कुम्भ मेला, सभी धार्मिक आयोजन, मॉक एक्सरसाइज आदि कार्यक्रमों को प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सफल बनाया है।


उन्होंने आपदा के न्यूनीकरण के लिए सरकार द्वारा घोषित 5 लाख से बढ़ाकर 20 लाख का बीमा, सभी आपदा मित्रों व सखियों को सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था, मुख्यमंत्री सुरक्षित विद्यालय, फायर ब्रिगेड से जोड़ते हुए, आपदा कर्मचारी घोषित करने, स्वास्थ्य बीमा, ईएसआई, पीएफ, रिटायरमेंट सहित अन्य सुविधा देकर सामाजिक सुरक्षा की गारंटी दिलाने, सभी आपदा मित्रों व सखियों को न्यूनतम वेतन मानदेय 26910 रुपये प्रति माह दिलाने, सरकार द्वारा स्वीकृत किए गए आपदा कार्यालयों में आपदा मित्रों / सखियों को बहाल करते हुए कार्यालय को संचालित करने सहित सात सूत्री मांग शामिल है। इस मौके पर अपर्णा यादव, रीना, कुलदीप, मुकेश कुमार, विमल कुमार, रमेश कुमार, राज किशोर, शिवेंद्र कुमार, हिमांशु, कृष्ण गोपाल, कामता प्रसाद, सत्येंद्र, शैलेंद्र, अमर सिंह सहित दर्जनों आपदा मित्र व सखियां मौजूद रहीं।

# तौलिया के फंदे पर वृद्ध का शव लटका मिला

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- सरीला कस्बे के मांझखोर मोहल्ले में हुई घटना, परिवार में कोहराम
- पुलिस ने प्रारंभिक छानबीन के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा

**अमृत विचार।** जरिया थाने के सरीला कस्बे के मांझखोर मोहल्ले में एक वृद्ध ने तौलिया से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।



सरीला कस्बे के माझखोर निवासी जयपाल सिंह (60) पुत्र महेश्वरीदीन का शव गुरूवार को संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने बताया कि जयपाल सिंह बुधवार करीब 12 बजे के बाद से किसी को दिखाई नहीं दिये थे। गुरुवार को जयपाल सिंह का शव अपने परिचित व्यक्ति व साथी किसान के पशुबाड़े में फाँसी के फंदे पर लटका हुआ मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक जयपाल सिंह अपने हिस्से की 6 बीघा कृषि भूमि में खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। जो कि अपने पीछे पुत्र नीलेश के अलावा तीन पुत्री सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। परिजनों ने आशंका जताते हुए कहा कि संभवत फसल का कम उत्पादन होने की वजह से एवं बीते तीन चार दिनों पहले भैंस की मौत होने से आहत होकर ही जयपाल सिंह ने फांसी लगाई है। मामले में जरिया थानाध्यक्ष ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।,

**दिखाया दमखम** — अयोध्या जनपद में आयोजित हुई 36वीं राज्य स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता

# मलखंब प्रतियोगिता में द्वितीय और तृतीय स्थान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


शिक्षकों के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम के बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अयोध्या के डॉ.भीमराव आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय खेलकूद स्टेडियम में आयोजित 36वीं राज्य स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालय टोला माफ के छात्रों ने मलखम प्रतियोगिता में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

36 वीं राज्य स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता 9 से 11 मार्च तक डॉ.भीमराव आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय खेलकूद स्टेडियम अयोध्या में आयोजित हुई। जिसमें उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रकाश साहू एवं जिला व्यायाम शिक्षक रावेंद्र सिंह गौर की अगुवाई में कई खेलों में बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय टोला माफ के छात्रों ने मलखम प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया। जबकि प्राथमिक विद्यालय खेड़ा शिलाजीत सरीला की बालिका टीम ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया। इस मौके पर व्यायाम व खेल शिक्षक सुनील सोनी, जितेंद्र कुमार, राजेश सोनकर, उमेश कुमार, सुरेश सोनकर, बाबूराम प्रजापति, बृजकिशोर साहू, पवन कुमार पाल, सूरजपाल, रंजीता त्रिपाठी, सुरेश यादव आदि शिक्षकों ने तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता अयोध्या में उपस्थित रहकर अपना सराहनीय योगदान दिया।

# पोषण के साथ पढ़ाई का प्रशिक्षण

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)


प्रशिक्षण में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्री। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पोषण भी पढ़ाई भी, अभियान के तहत कस्बे के ब्लॉक सभागार में सैकड़ों आंगनबाड़ियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार के दिन से शुरू किया। अभियान का उद्देश्य 3 से 6 वर्ष के बच्चों की विकासात्मक आवश्यकताओं को पूरा कर समझ का विकास करना तथा गतिविधियों को सूक्ष्म स्तर से विषय दृष्टिकोण के साथ समावेश शिक्षा, जिज्ञासा, ज्ञान हो सके।

शासन की मंशा है कि 3 से 6 वर्ष की बालक बालिकाओं को बाल विकास परियोजना के कार्यकर्ताओं के माध्यम से शिक्षा का ज्ञान करना मुख्य उद्देश्य जिससे बच्चों को खेल शिक्षा के माध्यम से बौद्धिक विकास करना है। जिससे बालक बालिकाओं में एकाग्रता, रचनात्मक, आत्म-अभिव्यक्ति ध्वनि जागरूकता, तुकबंदी, शब्दावली का विकास हो सके बच्चे शिक्षा को बोझ महसूस न कर सके। पठन-पाठन में रुचि ले। तीन से चार वर्ष के बच्चों को चित्रकला के माध्यम से 4 से 5 वर्ष के बच्चों को कहानियां के माध्यम से तथा 5 से 6 वर्ष आयु के बच्चों को अक्षर ज्ञान का अभ्यास का प्रशिक्षण ब्लॉक सभागार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रथम दिन दिया गया। प्रशिक्षण मुख्य सेविका पूजा देवी ने दिया। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर शरीफउद्दीन सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। बाल विकास परियोजना अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया की महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर सरकार गंभीर है बच्चों के पोषण के साथ बौद्धिक विकास, अभिव्यक्ति, तर्कशक्ति के विकास के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

न्यूज ब्रीफ

## 108 बच्चों का शिविर में किया गया चेकअप

महोबा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आशाराम एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अम्बुज गुप्ता के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर के अधीक्षक डॉ. पीके सिंह की देखरेख में आरबीएसके टीम ने प्राथमिक विद्यालय गुंड में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में डाक्टरों की टीम ने 38 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। वहीं आरबीएसके की दूसरी टीम ने गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में कैंप लगाकर 70 बच्चों की सेहत को जांचा और आवश्यक निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। विद्यालय व आंगनबाड़ी में लगाए गए शिविर में स्वास्थ्य टीमों ने 108 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में चिकित्सक डॉ. वैशाली सोनी ने बच्चों को गर्मी के मौसम में अधिक पानी पीने, स्वच्छता बनाए रखने और तेज धूप से बचने की सलाह दी। उन्होंने बच्चों को संतुलित आहार लेने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के लिए भी जागरूक किया। इसके बाद आरबीएसके की द्वितीय टीम ने नत्थू सिंह का डेरा में पहुंचकर वहां के बच्चों का चेकअप किया और साफ सफाई व बेहतर भोजन खाने सहित अन्य सलाह दी।

## 4 वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने पकड़ा

महोबा। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देश पर वारंटी व मुकदमों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत महोबकंठ पुलिस टीम ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्रभारी निरीक्षक महोबकंठ विनोद कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम चेकिंग अभियान दौरान वांछित अभियुक्त शिवम उर्फ छोटू राजपूत (24) पुत्र संतोष राजपूत, संतोष राजपूत (48) पुत्र भोजराज राजपूत, दिनेश राजपूत (23) पुत्र सुरेश राजपूत निवासीगण ग्राम टिंगुरा को दिदवारा गांव जाने वाली सड़क पर नहर पुल से तथा हलकुट्टा उर्फ दिलीप (19) पुत्र मानसिंह निवासी ग्राम कुनाटा गांव की नहर पुलिया के नीचे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्रवई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेजा गया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा उपनिरीक्षक कन्हैयालाल, कांस्टेबल नितिन कुमार व महिला कांस्टेबल राखी सिंह शामिल हैं।

# लोक अदालत का प्रचार वाहन रवाना

कार्यालय संवाददाता, महोबा


प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिला जज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** 14 मार्च को जिला न्यायालय के साथ प्रत्येक तहसील न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित कर सुलह-समझौते के आधार पर वादों का निस्तारण किया जाएगा। इसके प्रचार के लिए गुरुवार को जनपद न्यायाधीश राम नगीना यादव ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जनपद न्यायाधीश ने बताया गया कि प्रचार वाहनों के माध्यम से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में लाउड स्पीकर के जरिए आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत मे समस्त शमनीय आपराधिक वाद, परक्राम्य लिखत की धारा-138 के वाद, वाहन दुर्घटना प्रतिकर के वाद, वैवाहिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण के वाद, दीवानी वाद, बैंक वसूली वाद, किरायेदारी वाद, राजस्व वाद, वन अधिनियम के वाद, दीवानी, आपराधिक अपील, उपभोक्ता वाद, ट्रैफिक चालानी वाद, वेट एण्ड मेजरमेंट एक्ट के चालानी वाद का आपसी सुलह समझौते के साथ निस्तारण कराया जाएगा। जिला न्यायाधीश ने बताया कि इस कार्यक्रम में नगर पालिका चालानी वाद, पुलिस एक्ट के चालानी वाद, विद्युत अधिनियम के वाद, शहरी विकास अधिनियम के वाद, सिनेमेटोग्राफी एक्ट के चालानी वाद व आबकारी अधिनियम के चालानी वादों आपसी सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक संख्या मे निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने समस्त वादकारियों से अपने वादो को सुलह समझौते के आधार पर उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत मे अधिक से अधिक संख्या में वादो का निस्तारण करया जाएगा। इस मौके अपर जिला जज ध्रुव राय, सिविल जज सीनियर डिवीजन पूजा सहित अधिवक्ता मौजूद रहे। जिला जज ने आम जनता से अपील की है कि वे अपने मामलों के निस्तारण के लिए लोक अदालत में पहुंचें।

# गैस गोदामों, पेट्रोल पंपों पर प्रशासन की नजर

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- जिलाधिकारी ने डीएसओ को निगरानी करने के निर्देश दिए
- भंडारण करने वालों पर कार्रवाई के लिए प्रशासन ने कसी कमर


गैस बुक कराने के लिए लाइन पर लगे उपभोक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव के चलते जिले में रसोई गैस को लेकर मारामारी मच गई है। गैस की बढ़ती किल्लत को देखते हुए जिला प्रशासन ने गैस गोदामों और पेट्रोल पंपों का निरीक्षण करने के लिए जिला पूर्ति अधिकारी को सख्त निर्देश दिए हैं। साथ ही हर हाल में कालाबाजारी रोकने की हिदायत दी गई है, ताकि जिले में गैस की समस्या से निपटा जा सके।

पश्चिमी एशिया युद्ध के चलते जिले के लोग गैस और डीजल पेट्रोल को लेकर पसोपेश में हैं, जिसकी वजह से घरों में एलपीजी गैस होने के बाद भी उपभोक्ता स्टाक करने के चक्कर में गैस एजेंसियों में लाइन लगा रहे हैं। यही वजह है कि गैस को लेकर मारामारी मच गई है। सुबह से लेकर शाम तक सारे कामकाज छोड़कर लोग गैस के लिए हाथ-पैर मार रहे हैं। गैस एजेंसियों में उपभोक्ताओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने समस्या का निराकरण कराने के लिए अधिकारियों को निरीक्षण के निर्देश दिए हैं, जिससे कहीं पर भी गैस का भंडारण न हो सके।

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने जनपद में गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए गैस भंडारण की जांच करने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, कुछ लोग मौके का फायदा उठा रहे हैं। गैस की किल्लत को देखते हुए लोग जीजान से तेज धूप और गर्मी की परवाह किए बिना सारा दिन खड़े रहते हैं। गैस एजेंसी का सिर्फ बुकिंग काउंटर खुल रहा है, शेष दुकानों में शटर डालकर ताले लगा दिए गए हैं, जिससे अब कोई गैस संचालकों से बात भी नहीं कर पा रहा है, सिर्फ बुकिंग काउंटर कर्मचारी बुकिंग करने के लिए डटे हुए हैं। अब आनलाइन बुकिंग भी एजेंसी संचालकों ने बंद कर दी है, जिससे सभी उपभोक्ताओं को काउंटर से बुकिंग करानी पड़ रही है।

### सहालग में कॉमर्शियल सिलेंडर के पड़े लाले

इस समय शादी की सहालग चल रही है। सहालग में भोजन तैयार करने के लिए कामर्शियल गैस सिलेंडर के भी लाले पड़ गए हैं, जिससे विवाह घर में इस समय गैस की व्यवस्था करना मुश्किल हो गया है। वहीं दूसरी तरफ कामर्शियल सिलेंडर न मिलने के कारण दुकानदार भी खासा परेशान हैं। उनका धंधा भी प्रभावित हो रहा है। चाय-समोसे और मोमोज के छोटे दुकानदारों को सिलेंडर न मिलने से दुकानें ठप हो गई हैं।

# सिर्फ कागजों पर दौड़ रहा पानी घरों की टोटियां अभी सूखी पड़ीं

## नमामि गंगे के अधिकारियों ने शत प्रतिशत गांव में पेयजल आपूर्ति की भेजी रिपोर्ट

- जैतपुर कस्बे के ही कई मोहल्लों के घरों में नहीं पहुंच रहा पानी
- ग्रामीणों ने विधायक से शिकायत कर रिपोर्ट की पोल खोली

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)


खुदी पड़ी सड़क और बिना टोंटी के पाइप। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जैतपुर विकास खंड क्षेत्र में नमामि गंगे योजना का कार्य कागजों में सौ फीसदी पूरा हो चुका है, जबकि हकीकत में आज भी न तो हर घर के नल में जल पहुंच रहा है और न ही खोदी गई सड़कों की मरम्मत कराई गई है। जैतपुर के बाईपास रोड पर नमामि गंगे योजना के तहत बिछाई गई पाइप लाइन पूरी तरह चोक हो जाने के कारण तमाम घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है, जिससे गर्मी की शुरुआत में ही लोगों के सामने पानी की समस्या गहराने लगी है।

सामाजिक कार्यकर्ता इंद्रपाल रिछारिया ने चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत से मुलाकात कर जैतपुर में नमामि गंगे योजना की हकीकत सामने रखकर अधिकारियों के खेल को उजागर किया। समाजसेवी ने विधायक को बताया कि बाईपास रोड पर नमामि गंगे योजना के तहत कनेक्शन नहीं किया गया है। जो पाइप लाइन डाली गई थी, उसमें पानी ही नहीं निकल रहा है, इसकी जांच कराई जाए। बाईपास रोड पर गंगाराम मठ से लेकर श्रीनगर तिगैला तक सैकड़ों मकान बने हुए हैं, जहां हजारों की संख्या में लोग रहते हैं। ऐसे में विभाग की ओर से शासन को जैतपुर में 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने की रिपोर्ट भेजना सरासर अधिकारियों के भ्रष्टाचार को उजागर करता है।

चरखारी विधायक के तमाम प्रयासों के बाद भी जैतपुर में खोदी गई सड़कों का काम अभी तक पूर्ण नहीं हो सका है। नयापुरा, करारीपुरा, नरैयापुरा सहित कई ऐसे वार्ड हैं, जहां अभी तक टूटी हुई सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई है। बाईपास रोड पर रहने वाले रिटायर्ड राजस्व अधिकारी शिवनाथ विश्वकर्मा, रमेश प्रजापति पूर्व ब्लाक प्रमुख कौशल सोनी, सुरेंद्र तिवारी सहित तमाम लोगों ने नमामि गंगे योजना को लेकर अधिकारियों पर सवाल उठाया है कि आखिर झूठी रिपोर्ट भेजकर वह क्या साबित करना चाहते हैं। अकेले जैतपुर कस्बे में ही तमाम ऐसे वार्ड हैं, जहां पानी नहीं पहुंच रहा है।

### पाइप लाइन तो बिछी मगर पानी नहीं मिला

महोबा। जैतपुर ब्लाक के पसानाबाद (जगस्या) गांव में नमामि गंगे परियोजना के तहत पाइप लाइन तो बिछा दी गई, लेकिन अब तक ग्रामीणों को पानी मयस्सर नहीं हो रहा। पाइप लाइन बिछाते समय जगह-जगह खोदी गई सड़कों की मरम्मत भी नहीं कराई गई, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव के रवींद्र तिवारी, ग्यासीलाल आदि ने बताया कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य अधूरा ही छोड़ दिया गया। कई जगहों पर पाइप तो डाल दिए गए हैं, लेकिन उनमें न तो पानी की आपूर्ति हो रही है और न ही नलों में टोटियां लगाई गई हैं, जबकि कई गलियों में तो अभी तक पाइपलाइन ही नहीं डाली गई है। जहां पहले पाइप लाइन डाली गई थी, वहां की पाइल लाइनें कई जगह क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

# राजस्व वसूली करने गई टीम के साथ अभद्रता

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- अमीन की तहरीर पर पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया

**अमृत विचार।** पनवाड़ी में सरकारी बकाया वसूली करने गई राजस्व टीम के साथ महिला व उसके पति-पुत्र ने गालीगलौज करते हुए अभद्रता की और मारपीट का प्रयास किया। अमीन ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने अभद्रता करने वाले सभी लोगों को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पनवाड़ी कस्बे के तिगैला इलाके निवासी फूला आदि बनाम हरनारायण पर 2022 में 62 हजार रुपये की आरसी जारी हुई थी, लेकिन कई बार नोटिस देकर पैसा जमा करने को कहा गया, लेकिन महिला ने इसे नजरांदाज करती रही। इस राजस्व वसूली के लिए तहसीलदार प्रमित सचान और अमीन कमलापत मौके पर पहुंचे और पैसा जमा करने की महिला से बात कही। आरोप है कि वसूली की कार्रवाई दौरान महिला के पति और पुत्र ने गाली गलौज शुरू कर माहौल गरमा दिया और तीनों ने मिलकर अमीन के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट का प्रयास किया। घटना के बाद अमीन ने थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कुछ आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना पनवाड़ी प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। उधर तहसीलदार प्रमित सचान ने बताया कि यह सरकारी बकाया लंबे समय से लंबित है। वसूली न होने के कारण संबन्धित कर्मचारियों का वेतन भी रुका हुआ है। शासन के आदेशानुसार शासकीय वसूली हर हाल में और कड़ाई के साथ किए जाने के निर्देश है।

# आपदा मित्रों का धरना-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, महोबा


धरना देने के बाद प्रदर्शन करते आपदा मित्र एसोसिएशन के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश आपदा मित्र एसोसिएशन ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। बाद में मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी गजल भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समस्याओं का निराकरण कराए जाने और न्यूनतम वेतनमान 26910 रुपये किए जाने की गारंटी दिए जाने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया कि सरकार द्वारा पोषित पांच लाख रुपये बीमा को लागू करते हुए बीमा राशि बीस लाख रुपये तक बढ़ाए जाने, सभी आपदा मित्रों और सखियो को सड़क सुरक्षा ट्रैफिक व्यवस्था, फायर बिग्रेड से जोड़ते हुए कर्मचारी घोषित किए जाने की भी मांग की गई, जिससे भविष्य में आपदा मित्रों को लाभ मिल सके। स्वास्थ्य बीमा ईएसआई, पीएफ, सेवानिवृत्त सहित अन्य सुविधा देकर सामाजिक सुरक्षा की गारंटी की भी मांग की गई।

ज्ञापन में सभी आपदा मित्रों, सखियों को न्यूनतम वेतनमान 20910 रुपये प्रति माह दिए जाने, सरकार द्वारा स्वीकृत किए गए आपदा कार्यालयों में आपदा मित्रों, सखियों को बहाल करते हुए कार्यालय संचालित किए जाने और समस्त आपदा मित्रों, सखियों को बीमा पालसी डीजीलाकर सर्टिफिकेट दस अंक डिजीटल नंबर के साथ नया आईकार्ड एवं ड्रेस किट मानसून से पहले उपलब्ध कराए जाने के साथ सभी आपदा मित्रों और सखियों को प्रशिक्षण देने के अलावा सभी कार्य दिवस का तत्काल भुगतान कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में नारायणदास, सुषमा कुमारी, अफसाना, पूनम, जितेंद्र कुमार, राघवेंद्र, दीपक कुमार सहित तमाम लोग शामिल रहे।

## किसानों की पंचायत 16 मार्च को होगी

महोबा। किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की 16 मार्च को कुलपहाड़ तहसील परिसर में किसान पंचायत होगी। पंचायत के बाद तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

यूनियन के जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार राजपूत ने बताया कि किसान पंचायत में जिले के सभी ब्लॉकों व तहसीलों के यूनियन पदाधिकारी, प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस दौरान किसानों की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा कर उन्हें प्रशासन के समक्ष मजबूती के साथ रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि किसान पंचायत के माध्यम से क्षेत्र में किसानों से जुड़े मुद्दों को उठाया जाएगा, जिससे शासन प्रशासन तक किसानों की आवाज पहुंच सके। पंचायत के बाद तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# 8वें वेतन आयोग में अनदेखी से पेंशनर्स नाराज

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- 25 मार्च को जिला मुख्यालय में पेंशनर्स मनाएंगे काला दिवस


बैठक में आंदोलन की रणनीति तय करते एसोसिएशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आठवे वेतन आयोग में टर्म्स आफ रिफ्रेंस में पेंशनरों के साथ दोहरा मापदंड अपनाने और शासन स्तर पर पेंशनर्स संगठनों की उपेक्षा किए जाने पर पेंशनर्स सेवा संस्थान ने विरोध का निर्णय लिया है। वहीं दो सालों से प्रमुख सचिव वित्त के स्तर से जारी होने वाले किसी भी संगठन के पदाधिकारी प्रवेशपत्र बनाने की संस्तुति प्रमुख सचिव कामिक द्वारा नहीं की जा रही है। इससे पेंशनर्स संगठनों में खासा आक्रोश पनप रहा है।

यह निर्णय पेंशनर्स सेवा संस्थान ने गुरूवार को पेंशनर संस्थान कार्यालय में आयोजित बैठक में लिया गया। संस्थान के महामंत्री बीके तिवारी ने बताया कि मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री के संज्ञान में यह मामला कई बार लाया गया, लेकिन शासन स्तर से कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि प्रमुख सचिव वित्त ने शासन सहालकार समिति की बैठक बुलाना ही उचित नहीं समझा है, जिसका असर प्रदेश के लाखो पेंशनरों पर पड़ा है। संगठन के पदाधिकारियों ने पेंशनरों की समस्याएं मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव कामिक, प्रमुख सचिव वित्त स्तर पर लाकर उनका निराकरण कराने का प्रयास कई बार किया गया, लेकिन पेंशनर संगठनों के साथ संवाद स्थापित न करने के अघोषित अलोकतांत्रिक निर्णय के कारण मुख्य सचिव और मुख्य सचिव कामिक को भी समस्याएं संगठनों द्वारा पत्रों के माध्यम से भेजी गई, इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

पेंशनर्स सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि आने वाले आम चुनाव में यह स्पष्ट हो जाएगा कि प्रदेश के 12 लाख पेंशनर और उनसे जुड़े 2 करोड़ 90 लाख मतदाताओं की नाराजगी साफ दिखाई दे रही है। कहा कि कर्मचारियों और पेंशनरों की समस्याओं के प्रति सरकार गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार की घोषणा के बाद भी बेसिक शिक्षा परिषद के सेवानिवृत्त शिक्षकों को चिकित्सा सुविधा से वंचित कर दिया। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान के प्रदेश महामंत्री ने चेतावनी दी कि पेंशनरों और कर्मचारियों की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि 25 मार्च को जिला मुख्यालय में संस्थान एकजुट होकर काला दिवस मनाकर अपनी ताकत का अहसास कराएगी। बैठक में शिवकुमार त्रिपाठी, बसंत लाल गुप्ता, जगदीश कुमार, लक्ष्मी तिवारी, गंगाप्रसाद आदि रहे।

होगी कार्रवाई

अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने समीक्षा बैठक में पॉक्सो एक्ट में प्रभावी कार्रवाई के दिए निर्देश

# पटाखा फैक्ट्रियों में बाल श्रम रोकने पहुंचेगी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, महोबा


पुलिस लाइन सभागार में समीक्षा बैठक करतीं एएसपी वंदना सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह (नोडल अधिकारी) की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) और थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एएसपी ने गुमशुदा, अपहृत बच्चों की बरामदगी, बाल विवाह, बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के अलावा पॉक्सो एक्ट से संबंधित प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई किए जाने के दिए गए निर्देश दिए।

बैठक दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गुमशुदा बालक, बालिकाओं से संबंधित मामलों में धारा 137/87 बीएनएस के अंतर्गत त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत संचालित 100 दिवसीय विशेष अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए संबंधित विभागों के समन्वय से अभियान को प्रभावी रूप से संचालित किया जाए। उन्होंने बाल श्रम विशेषकर पटाखा निर्माण फैक्ट्रियों एवं भंडारण गोदामों में बाल श्रम की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे चेकिंग अभियानों को सतत जारी रखने के निर्देश दिए। साथ ही पॉक्सो अधिनियम एवं बीएनएस के अंतर्गत प्रारूप (क) एवं (ख) का विधिवत एवं अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। बैठक में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों का प्रभावी संचालन किए जाने के भी संबन्धितों को निर्देश दिए। बैठक में किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, श्रम विभाग, जिला प्रोबेशन कार्यालय, अभियोजन कार्यालय, मुख्य चिकित्सालय महोबा, वन स्टॉप सेंटर, प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग, महिला थाना, एसजेपीयू, चाइल्ड लाइन सहित जनपद के समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, कर्मचारी के अलावा संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### भर्ती परीक्षा को लेकर केंद्रों का किया निरीक्षण

महोबा। उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा को लेकर एडीएम कुंवर पंकज एवं एएसपी वन्दना सिंह ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी, सुरक्षा, प्रवेश व्यवस्था, बैरीकेडिंग का गहनता से निरीक्षण किया। केन्द्र व्यवस्थापकों व ड्यूटी में तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा में सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई के साथ पालन किया जाए। सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखी जाए, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हो सके। निरीक्षण में पायी गयी कुछ त्रुटियों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए उन्हें तत्काल दुरुस्त कराने को कहा गया।

# भाजपाई सीखेंगे कार्यपद्धति के गुर

कार्यालय संवाददाता, महोबा



नगर मंडल के प्रशिक्षण को लेकर बैठक में रूपरेखा बनाई गई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाजपा जिला कार्यालय में नगर मंडल के प्रशिक्षण वर्ग को लेकर प्रशिक्षण संचालन समिति की बैठक हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं की वैचारिक एवं संगठनात्मक गुणवत्ता को सुदृढ़ और संगठन के सिद्धांतों व जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में प्रशिक्षित करने को लेकर चर्चा की गई। 14 व 15 मार्च को प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया, जहां पर प्रदेश एवं क्षेत्र के पदाधिकारी विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में लगभग 120 पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रतिभाग करेंगे।

बैठक में मंडल महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष रेखा तिवारी को मातृशक्ति टीम के साथ प्रशिक्षण वर्ग के पंजीकरण की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रशिक्षण वर्ग की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए दीपक गुप्ता, समर्थ द्विवेदी, मयंक मिश्रा, रामपाल, संदीप कुशवाह, दिलीप जैन को भी जिम्मेदारी दी गई। मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग भाजपा की संगठनात्मक शक्ति को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रशिक्षण वर्ग के प्रभारी जयपाल सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, कार्यपद्धति और सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी, जिससे वह समाज में पार्टी के संदेश को मजबूती से रख सकें।

बैठक में जिला मीडिया प्रभारी सत्येंद्र प्रताप, मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष जयपाल सिंह, मंडल प्रशिक्षण वर्ग के नियंत्रक सत्येंद्र प्रताप, जागेश्वर चौरसिया, ओम नारायण तिवारी, ईश्वर दयाल, संतोष गुप्ता, तुलसीदास सविता, रोशनी वर्मा, पंकज गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 28 मार्च तक मिलेगा इस माह का राशन

**चित्रकूट।** जिला पूर्ति अधिकारी कमलनयन सिंह ने बताया कि अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को मार्च के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण 12 से 28 मार्च के बीच होगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को चीनी के संबंध में पोर्टिबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। सभी उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि उपभोक्ताओं/कार्डधारकों के बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण के बाद तत्काल राशन सामग्री उपलब्ध करा दी जाए। वितरण व्यवस्था के सुचारू एवं पारदर्शी क्रियांन्वयन के लिए नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं।

### नदी में कूदी किशोरी, नाविक की सतर्कता से बची जान

**मऊ (चित्रकूट)।** मऊ थाना क्षेत्र स्थित महिला पुल से गुरुवार सुबह एक 16 वर्षीया किशोरी ने यमुना नदी में छलांग लगा दी। पास मौजूद नाविक की फुर्ती और सतर्कता से उसकी जान बच गई। घटना सुबह करीब 10 :30 बजे की बताई जा रही है। किशोरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सूचना पर थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। क्षेत्राधिकारी फहद अली ने अस्पताल में किशोरी और परिजनों से जानकारी ली। बाद में युवती के परिजन अस्पताल में इलाज के बाद लड़की को घर ले गए।

### जुआ खेलने के आरोप में पांच गिरफ्तार

**मऊ (चित्रकूट)।** थाने के एसआई अभिषेक कुमार वर्मा ने अंकुर निवासी घुरेहटा, तुलसी भास्कर, गोपाल निषाद, मोहित पुत्र भागीरथी और भोला गुप्ता निवासी मऊ को जुआ खेलने के आरोप में गिरफ्तार किया। इनके मालफड़ से 3280 रुपये व जामा तलाशी से 11000 रुपये बरामद किए गए। पुलिस टीम में कांस्टेबिल बृजेंद्र राय, पुष्पेंद्र कुमार, सोनपाल सिंह और शुभम त्रिपाठी रहे।

### बकायेदार की क्रशर मशीन, वाहन सीज

**चित्रकूट।** उप जिलाधिकारी पूजा साहू ने तहसील कर्वी की ग्राम पंचायत गोंडा में संचालित राजेंद्र शर्मा की क्रशर मशीन को सीज किया। साथ ही डंपर ट्रक एवं मोटरसाइकिल को भी सीज किया गया। बताया गया कि राजेंद्र शर्मा पर विद्युत विभाग द्वारा निर्गत वसूली प्रमाणपत्र 62,36346 रुपये के अंतर्गत उपरोक्त कार्रवाई की गई।

# अतीत को भूलकर भविष्य निर्माण पर दें अपना ध्यान

## डीएम ने राजकीय संप्रेषण गृह के बच्चों को दी प्रेरणा

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने गुरुवार को किशोर न्याय बोर्ड एवं राजकीय संप्रेषण गृह का औचक मुआयना किया। उन्होंने आवास, शिक्षा, खेलकूद और सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। राजकीय संप्रेषण गृह में किशोरों से अतीत को भूलकर भविष्य को संवारने की प्रेरणा दी।



राजकीय संप्रेषण गृह का मुआयना करते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने राजकीय संप्रेषण गृह के परिसर के संबंध में जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता से जानकारी की। किराये पर संचालित होने की बात पर उन्होंने निर्देशित किया कि वर्तमान परिसर में ही बच्चों के बास्केटबाल, स्केटिंग एवं बैडमिंटन खेलने के लिए लाइनिंग कराई जाए। डीएम ने संप्रेषण गृह में रह रहे बच्चों से बात की और गृह जनपद, पारिवारिक पृष्ठभूमि एवं दैनिक दिनचर्या की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अतीत में जो हुआ उसे पीछे छोड़कर भविष्य निर्माण पर ध्यान दें। सबके पास करियर बनाने का स्वर्णिम अवसर है। उन्होंने बच्चों को योग और खेलकूद के साथ-साथ शिक्षा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। डीएम ने शिक्षण कार्य की समीक्षा करते हुए शिक्षकों से विषयवार चर्चा की। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी कैमरे सदैव क्रियाशील रहें और सुरक्षा की दृष्टि से उन पर जाली लगवाई जाए। निरीक्षण के दौरान बच्चों ने जिलाधिकारी को स्वरचित पेंटिंग एवं पेपर से निर्मित पुष्प भेंट किए, जिसकी उन्होंने सराहना की।

### समाचार पत्रों की उपलब्धता करें सुनिश्चित

- उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिए कि बच्चों के ज्ञानवर्धन के लिए कैंपस में प्रतिदिन एक हिंदी एवं एक अंग्रेजी समाचार पत्र की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। सामान्य ज्ञान के अध्यापक को निर्देशित किया कि वह समाचार पत्रों के माध्यम से बच्चों को समसामयिक विषयों से अवगत कराएं।

### स्टोर रूम में अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

- स्टोर रूम के निरीक्षण के दौरान अव्यवस्था पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने चेतावनी देते हुए निर्देश दिया कि 15 दिन के भीतर स्टोर रूम की समुचित सफाई एवं व्यवस्थित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए।



गैस एजेंसी संचालकों आदि के साथ बैठक करते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग। अमृत विचार

# जिले में एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- डीएम के साथ बैठक में क्षेत्रीय विक्रय अधिकारी का दावा
- उपभोक्ताओं से परेशान न होने की कही बात

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने गुरुवार को गैस एजेंसी संचालकों, क्षेत्रीय विक्रय अधिकारी (ऑयल कंपनी) व जिला पूर्ति अधिकारी आदि के साथ बैठक की। इसमें जिलाधिकारी ने जिले में मांग के अनुरूप निरंतर गैस की आपूर्ति करने के निर्देश दिए।

डीएम ने गैस संचालकों को डीएसी (डिलीवरी ऑथंटिकेशन कोड) के माध्यम से ही घरेलू गैस सिलेंडरों की डिलीवरी कराए जाने, बुकिंग कराए जाने संबंधी सभी विकल्पों को सूचना पट पर प्रदर्शित कराए जाने, कालाबाजारी/डायवर्जन न किए जाने, डिलीवरी मैन द्वारा किसी भी उपभोक्ता से गैस की निर्धारित मूल्य से अधिक धनराशि न लिए जाने के लिए सख्त निर्देश दिए। इसके साथ क्षेत्रीय विक्रय अधिकारी (ऑयल कंपनी) को जनपद में मांग के अनुरूप निरन्तर गैस की आपूर्ति कराए जाने को भी निर्देशित किया। क्षेत्रीय विक्रय अधिकारी ने बताया कि जिले में निर्बाध रूप से गैस की आपूर्ति हो रही है। घरेलू एलपीजी संबंधी कोई कमी नहीं है। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि वे संबंधित गैस एजेंसी जाकर बुकिंग कराते हुए गैस प्राप्त करें। किसी उपभोक्ता को कोई शिकायत है तो वह टोल फ्री नंबर 8737991456 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।



प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाते जिला जज और अन्य न्यायिक अधिकारी।

# प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिला जज और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष शेषमणि ने गुरुवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर पद्माकरमणि त्रिपाठी पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, राकेश कुमार यादव प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, संतोष कुमार तृतीय स्थायी लोक अदालत, अनुराग कुरील प्रथम अपर जिला जज एवं राममणि पाठक विशेष न्यायाधीश एससी एसटी/नोडल अधिकारी लोक अदालत भी मौजूद रहे। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इला चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित वादों में लगी कोर्ट फीस वापस हो जाती है। मुकदमे बाजी से छुटकारा जल्दी मिल जाता है, आर्थिक व्यय व समय की बचत होती है।

# खेलकूद में बच्चों ने लहराया परचम

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** डॉ. भीमराव आंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल डाभा सेमर, अयोध्या में हुई राज्यस्तरीय बेसिक बालक्रीड़ा प्रतियोगिता में जिले के स्कूलों के बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इन्होंने विभिन्न स्पर्द्धाओं में नौ पदक हासिल किए।



विजयी प्रतिभागियों के साथ जिला व्यायाम शिक्षक दयानंद सिंह, बद्री नारायण कुशवाहा व अन्य। अमृत विचार

प्रतियोगिता नौ से 11 मार्च तक संपन्न हुई । इसमें चित्रकूट से लगभग 105 बच्चों ने प्रतिभाग किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय बगलई संकुल शिवरामपुर के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। ताईक्वांडो में कृष्ण कुमार ने रजत, विवेक कुमार, पुष्पेंद्र, काजल ने कांस्य, कराटे में अमन सिंह ने रजत, पूरन ने कांस्य, काजल ने रजत, संध्या ने कांस्य, जूडो में अरुणेंद्र ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने सभी विजेताओं को बधाई दी। जिला व्यायाम शिक्षक दयानंद

- उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्राप्त किए नौ पदक और प्रमाणपत्र

सिंह, प्रधानाध्यापक बद्रीनारायण कुशवाहा, ताइक्वांडो प्रशिक्षक एवं खेल अनुदेशक रमेश चंद्र, वंदना रैकवार आदि की भी सराहना की। खंड शिक्षाधिकारी राजेश कुमार, एनपी सिंह , अतुलदत्त तिवारी, कृष्ण कुमार पांडेय, कर्मचारियों, शिक्षकों अखिलेश कुमार पांडेय, विजय कुमार पांडेय, ओम प्रकाश सिंह, संग्राम यादव, सोमनाथ यादव, कमलेश पांडेय, सर्वेश यादव, अनूप मिश्रा आदि ने सभी टीम प्रभारियों को बधाई दी। प्रतिभागी बच्चों के साथ खंड शिक्षाधिकारी शंशाक शेखर शुक्ला, प्रवीण दीक्षित, ब्लाक व्यायाम शिक्षक पहाड़ी रामनारायण साहू, महेंद्र सिंह, रामयश, वागीश शुक्ला, कल्याण सिंह, शिवभूषण त्रिपाठी, रामभूषण पांडेय, श्रीनारायण, अभिषेक पांडेय, हरीशंकर, ललक पांडेय, अनिल सिंह, बिहारी लाल, अमित कुमार सोनी, श्रीकेशन, श्यामसुंदर यादव, जय सिंह, छेदीलाल सोनकर, राममनी आदि मौजूद रहे।

# खरपतवार में लगी आग से मची अफरातफरी

- ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से आग पर पाया काबू

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** कल्याणपुर ग्राम पंचायत स्थित टीपुरी बाबा इलाके में गुरुवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। खेत में फैली खरपतवार में अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गई लेकिन ग्रामीणों की सूझबूझ और आपसी सहयोग से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार दोपहर करीब दो बजे किसान राधेश्याम के खेत में खड़ी लगभग 10 बीघे अरहर की फसल के नीचे फैली खरपतवार में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की लपटें उठतीं देख किसानों में दहशत फैल गई। मौके पर मौजूद किसान बाबूराम, रमाकांत, कृष्णकांत, दिनेश कुमार और रामायण प्रसाद आदि ने दमकल के पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया। सूचना पर पहुंचे राजस्व निरीक्षक रोबिन कुमार ने बताया कि खेत के नीचे फैली खरपतवार में अज्ञात कारणों से आग लगी थी। आग से करीब एक से डेढ़ बीघा क्षेत्र में खरपतवार जली है, जबकि अरहर के पौधे बड़े होने के कारण फसल को लगभग पांच प्रतिशत तक का नुकसान हुआ है।



लेखपाल को जानकारी देते किसान। अमृत विचार

# यूट्यूबर की मौत, छत पर मिला शव

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

- परिजनों ने जहर देकर मारने की जताई आशंका

**अमृत विचार।** सीतापुर चौकी अंतर्गत राधा मोहन मंदिर मोहल्ले में 16 वर्षीय किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर की छत पर अर्धनग्न अवस्था में पड़ा मिला। घरवालों ने जहर देकर हत्या की आशंका जताई है। किशोर के शव को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया।

रामघाट के पास राधा मोहन मंदिर मोहल्ला निवासी उत्कर्ष मिश्रा (16) पुत्र रामानुज पिछले करीब डेढ़ वर्ष से यूट्यूब पर वीडियो बनाकर अपलोड करता था। इसी वजह से मोहल्ले में उसे लोग एक उभरते यूट्यूबर के रूप में जानते थे। परिजनों के अनुसार, वह इसी के चलते कई बार बिना बताए घर से बाहर भी चला जाता था। परिवार के लोगों ने बताया कि मंगलवार को भी उत्कर्ष घर से कहीं चला गया था और देर रात वापस लौटा। बुधवार सुबह करीब सवा दस बजे जब घर के लोग छत पर पहुंचे तो देखा कि उत्कर्ष अर्धनग्नावस्था में पेट के बल पड़ा मिला। उसकी सांसें थम चुकी थीं। सूचना पर सीतापुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने घटना को संदिग्ध बताते हुए आशंका जताई है कि उत्कर्ष को किसी ने जहरीला पदार्थ खिला दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उधर, कोतवाली प्रभारी श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।



सड़क पर पलटी ट्रैक्टर ट्राली। अमृत विचार

# मऊ में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, हादसा टला

**मऊ (चित्रकूट)।** महामती डिग्री कालेज के पास सीमेंट लदे एक ट्रैक्टर की ट्राली का पहिया अचानक निकल जाने से यह राष्ट्रीय राजमार्ग पर पलट गई। घटना के चलते कुछ देर तक हाईवे पर आवागमन बाधित रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रॉली को सड़क से हटवाया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

### ट्रेन में मारपीट का आरोप

**चित्रकूट।** ब्लाक प्रमुख पहाड़ी की संपत्ति की जांच की मांग और विवाद से चर्चा में आए युवा प्रियांशु मिश्रा ने महोबा जीआरपी में भी अज्ञात लोगों पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रियांशु का आरोप है कि वह नौ मार्च को ब्रह्मचर्य इंटर कालेज की प्रबंध समिति की सुनवाई के लिए बीते दिनों चिट फंड सोसाइटी सहायक रजिस्ट्रार आफिस झांसी गया था। वह वहां से मेमो ट्रेन से कर्वी लौट रहा था। महोबा जंक्शन पर ट्रेन रुकने पर लगभग सात लोगों ने उस पर हमला कर दिया। विवाद को देखते हुए उसके पिता राजेश मिश्रा और मित्र आशीष तिवारी ने बचाव की कोशिश की तो इन लोगों ने उनके साथ भी मारपीट की। इसके बाद दोनों डिब्बे से भाग गए। उसका कहना है कि इन लोगों से उसकी कोई रंजिश भी नहीं है। पुलिस ने सात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

### ग्रामीण को जबरन ले जाने की कोशिश नाकाम

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र में एक ग्रामीण को जबरन उठाकर ले जाने की कोशिश का मामला सामने आया है। ग्रामीणों की सतर्कता से वारदात टल गई। शोर सुनकर ग्रामीणों के मौके पर पहुंचते ही आरोपी घबराकर भाग निकले। पीड़ित ने मामले में दो लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। रैपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम कुई निवासी श्यामलाल पुत्र ज्वाला प्रसाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 11 मार्च को वह अपने खेत के पास था। इसी दौरान प्रयागराज और बरिया निवासी दो लोग वहां पहुंचे। आरोप है कि दोनों ने उनसे कहासुनी के बाद जबरन पकड़कर अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। शोर मचाने पर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण दौड़े। ग्रामीणों को आता देख दोनों आरोपी मौके से भाग निकले। पीड़ित का कहना है कि यदि ग्रामीण समय पर न पहुंचते तो कोई गंभीर घटना हो सकती थी। वहीं रैपुरा थाना प्रभारी आशुतोष तिवारी का कहना है कि मामले की तहरीर प्राप्त हुई है। जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

खुश खबरी

जिले में खोले जाएंगे दो नए राजकीय हाईस्कूल

# दो विद्यालयों को उच्चीकृत करने को मिली मंजूरी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** सरकार ने दो नए राजकीय हाईस्कूल की स्थापना को मंजूरी दी है। इसके साथ ही दो स्कूलों को उच्चीकृत किए जाने की भी स्वीकृति मिली है। यह जानकारी जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने दी।

जिलाधिकारी ने बताया कि राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा माध्यमिक उप्र लखनऊ ने कर्वी तहसील की ग्राम सेमरिया जगन्नाथवासी एवं मानिकपुर तहसील की ग्राम पंचायत कौबरा में 139.45 लाख रुपये प्रति विद्यालय की दर से दो नवीन राजकीय हाईस्कूल स्थापना की स्वीकृति दी है। इसके अलावा तहसील राजापुर में ग्राम पंयावत चांदी तहसील राजापुर में राजकीय हाईस्कूल चांदी को इंटरमीडिएट स्तर तक उच्चीकृत किए जाने के लिए 208.89 रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

इसमें छात्र संख्या 168 और कक्षों की संख्या 10 है। बताया कि इसी प्रकार मानिकपुर तहसील की ग्राम पंचायत बड़ी मडैयन में स्वीकृत लागत 173.15 लाख रुपये से यहां के राजकीय हाईस्कूल को इंटरमीडिएट स्तर तक किया जाएगा। इसमें छात्र संख्या 77 व कक्षों की संख्या 10 है। बताया कि शीघ्र ही विभाग द्वारा निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।


पाठा क्षेत्र की अनदेखी पर फूटा आक्रोश, निकाला मार्च

21 जनवरी को 'अमृत विचार' में प्रकाशित समाचार।

### बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा ने किया था प्रदर्शन

- गौरतलब है कि बीते दिनों बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा की अगुवाई में लोगों ने प्रदर्शन कर विभिन्न विकास कार्यों की मांग की थी। इन लोगों ने जिलाधिकारी को 25 सूत्री ज्ञापन सौंपा था। जिलाधिकारी ने तब इनको आश्वस्त किया था कि विकास और शिक्षा के लिए जो संभव होगा, किया जाएगा।

**139.45** लाख रुपये दोनों विद्यालयों के लिये स्वीकृत किये गये, क्षेत्र में हर्ष का माहौल

### इंटर तक उच्चीकृत होगा इटवा डुडैला का राजकीय हाईस्कूल

- **चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील की ग्राम पंचायत इटवा डुडैला में संचालित राजकीय हाईस्कूल को इंटरमीडिएट तक उच्चीकृत किया जाएगा। इस संबंध में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा माध्यमिक उप्र लखनऊ को पत्र भेजा है। गौरतलब है कि प्रांतीय संरक्षक राजकीय शिक्षक संघ रामेश्वर प्रसाद पांडेय ने जिलाधिकारी से राजकीय हाईस्कूल इटवा डुडैला को इंटरमीडिएट स्तर तक उच्चीकृत किए जाने का अनुरोध किया था। विद्यालय से 30 किमी की परिधि में कोई भी इंटरमीडिएट स्तर तक की संस्था नहीं है। विद्यालय के पास पर्याप्त मात्रा में जमीन उपलब्ध है। मारकुंडी क्षेत्र के ग्रामीणों ने भी जिलाधिकारी से क्षेत्र में राजकीय इंटर कालेज की मांग की है। इस पर जिलाधिकारी ने राजकीय हाईस्कूल इटवा डुडैला को इंटरमीडिएट तक उच्चीकृत किए जाने के लिए राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा माध्यमिक उप्र लखनऊ को पत्र भेजा है। इसके साथ ही मारकुंडी क्षेत्र में नए राजकीय इंटर कालेज की स्थापना के लिए भी अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा विभाग उप्र शासन लखनऊ को पत्र भेजा गया है। बताया गया कि विभाग द्वारा स्वीकृति प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अगरहुंडा में बनेगा मॉडल कंपोजिट विद्यालय

- **चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि मानिकपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत अगरहुंडा में प्रस्तावित मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय में लगभग 1500 छात्र-छात्राओं को आधुनिक शैक्षिक परिवेश में शिक्षा दी जाएगी। इसके लिए 30 कक्षा कक्षों से युक्त विद्यालय भवन के निर्माण के साथ खेल का मैदान एवं कौशल विकास के संसाधनों को भी विकसित किया जाएगा। इसमें प्री प्राइमरी के साथ कक्षा एक से 12 तक कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। साथ ही कक्षा11 एवं 12 के लिए विज्ञान, कला एवं वाणिज्य विषय की कक्षाओं का प्राविधान किया जाएगा।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं सनोज कुमार पुत्र ठाकुरदीन पता 62/9 बी भाभा नगर सनिगवा रोड कानपुर नगर उ0 प्र0 मैने अपने पुत्र का नाम श्रेयस सनोज निषाद पुत्र सनोज कुमार का नाम परिवर्तित करके अभिराज सिंह कर दिया है। अत: श्रेयस सनोज निषाद के स्थान पर परवर्तित नाम अभिराज सिंह के नाम से संम्बोधित किया जाए।

**सूचना**

सूचित किया जाता है की मैने पी.एन.बी. मेट लाइफ से पालिसी 21396035 कराया था। जिसमे मेरे पिता का नाम लखिलेश लिखा है जो की गलत है। जबकि हमारे समस्त डाक्युमेंट पैन , आधार और बैंक मे राम अभिलाख लिखा है। जिसे सत्य माना जाये। **प्रयाग दत्त पुत्र राम अभिलाख ग्राम पुरे बसई चितई जिला गोंडा**

**सूचना**

मेरा नाम उमेश सिंह है पासपोर्ट में जैसराज सिंह लिख गया है मेरा ही दोनों नाम है , **उमेश सिंह पुत्र ओमकार सिंह सोमरहा ,रेहरा बाजार बलरामपुर**

**सूचना**

मैं **रईस अहमद पुत्र अब्दुल मजीद, निवासी** 371/129, **सुल्तानपुर गढैइया,, थाना सआदतगंज, लखनऊ, उ0प्र0**, मैं अपने छोटे पुत्र शब्बीर अहमद व उसकी पत्नी राजिया के गलत चाल चलन से अत्याधिक शारीरिक व मानसिक रूप पीड़ित रहता हूँ उन दोनों का चालो चलन ठीक नहीं है वह आये दिन मुझसे गाली गलौज व लड़ते झगड़ते रहते है, जान से मारने की धमकी देते हैं उनकी इन हरकतो से तंग आकर अपने छोटे पुत्र शब्बीर अहमद व उसकी पत्नी राजिया के गलत व्यवहार एवं आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा उपरोक्त से कोई वास्ता व सरोकार नही रहेगा, उपरोक्त छोटे पुत्र व पुत्रवधू के समस्त क्रिया कलापों एवं खराब आचरण के प्रति वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

मेरा बैंक आफ़ बड़ौदा खाता सं0 00610100039493 में नाम गायत्री व पता शुक्लागंज दक्षिण उन्नाव अंकित है। सही नाम गायत्री शुक्ला पुत्री स्व0 रामसुन्दर तथा पता मं.सं. 4/139, आर्यावर्त ग्रामीण बैंक, राजधानी मार्ग, नेतुवा, उन्नाव है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

**Public Notice**

I Mohammad Wafi Ansari s/o Mohammad Akhtar r/o Khatrana road near champa devi Raebareli U. P. Have changed my name and shall hereafter be known Mohd Wafi Ansari S/O Mohd Akhtar

**सूचना**

हमारे आधार कार्ड सहित समस्त पहचान अभिलेखों में मेरा नाम सर्वेश कुमार मौर्य अंकित है, जबकि मेरी पत्नी सुष्मिता मौर्य के पासपोर्ट में सर्वेश मौर्य लिखा है। हमें इन दोनों नामो से जाना व पहचाना जाता है। अत: मेरी पत्नी के पासपोर्ट में मेरा नाम सर्वेश कुमार मौर्य अंकित किया जाना आवश्यक है। **सर्वेश कुमार मौर्य पुत्र राम सुन्दर मौर्य निवासी मौर्य क्लॉथ स्टोर शांति नगर पानी टंकी के पास लालगंज जिला रायबरेली उ0 प्र0।**

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड, पासपोर्ट आदि में मेरा नाम SHAHID ALI अंकित है। मेरी पत्नी MARIYAM TAHIRA, पुत्र MOHAMMAD AHMAD व पुत्रियों TUBA SHAHID एवं TAYYABA SHAHID के आधार कार्ड, पासपोर्ट आदि में मेरा नाम SYED SHAHID ALI अंकित है। SHAHID ALI व SYED SHAHID ALI दोनो नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात मेरे ही हैं। **शाहिद अली पुत्र अनवार अली निवासी–425/019 ए, बिस्मिल नगर अम्बर गंज, लखनऊ।**

